


जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 312 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 03 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

## मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में आया फोन, कहा- बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे, महिला गिरफ्तार

**मुंबई( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई है। दरअसल महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को फोन करके योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई है और उनसे सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग की गई है। महाराष्ट्र पुलिस ने इसकी सूचना यूपी पुलिस को भी दे दी है। मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि आदित्यनाथ 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने महाराष्ट्र आ सकते हैं।



मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफतार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।

गौरतलब है कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।

### बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर कर दी गई थी हत्या

हाल ही में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया था। अब सीएम योगी आदित्यनाथ को जो धमकी दी गई है, उसमें भी बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की बात कही गई है। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ को धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई बार योगी आदित्यनाथ को ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम को सोशल मीडिया के जरिए कई बार धमकियां दी जा चुकी हैं। इससे पहले इस साल मार्च में लखनऊ स्थित नियंत्रण कक्ष सुरक्षा मुख्यालय में रात में फोन करके सीएम योगी आदित्यनाथ को को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिसंबर 2023 में भी योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# मेरे बयान में कुछ गलत तो कानूनी कार्रवाई करें : यति नरसिंहानंद

**गाजियाबाद( चेतना मंच )।** डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी ने इस्लाम पर मौलानाओं को शास्त्रार्थ की चुनौती दी है। उनके खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका के संबंध में यति का कहना है कि एनसीआर के 100 संत कोर्ट में शपथ पत्र देकर मांग करेंगे कि यति नरसिंहानंद के बयान में कुछ गलत है तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। आज डासना देवी मंदिर में प्रेस वार्ता में यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि उन्होंने 29 सितंबर को हिंदी भवन में हुए कार्यक्रम कुछ भी गलत नहीं कहा था। इसके बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।



उन्होंने इस्लाम पर अपने विचारों को लेकर किसी भी मौलाना से शास्त्रार्थ करने को तैयार हैं। यति ने मुस्लिमों और पुलिस से अपनी जान को खतरा बताया है। उनकी हत्या की साजिश रची गयी है। बड़ी फंडिंग भी इस काम के लिए हुई है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें अवैध हिरासत में गाजियाबाद पुलिस ने चार अक्टूबर की रात से 29 अक्टूबर तक अवैध हिरासत में रखा उसके लिए कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उन्हें शास्त्रार्थ की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर से 22 तक धर्म संसद का आयोजन गाजियाबाद और हरिद्वार में किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी को अब नजरबंद के पहरे से मुक्ति मिल गई है। पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा देवी मंदिर और पुलिस पर पथराव के बाद चार अक्टूबर को यति नरसिंहानंद को नजरबंद किया गया था। बुधवार को वह डासना स्थित देवी मंदिर पहुंचे। यति नरसिंहानंद गिरी ने डासना स्थित देवी मंदिर पहुंचकर हाल ही में क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा गिरफ्तार मनोज प्रजापति का मामला उठाया है। आरोप है कि लिफ्ट में मुस्लिम व्यक्ति को देखकर मनोज प्रजापति ने जिज्ञासावश उनके बारे में जानकारी मांगी।

# नोएडा पुलिस कर रही महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़

## उद्घाटन के बाद से फेस-2 थाने के पिंक बूथ पर लटकता ताला

**नोएडा।** थाना फेस-2 में कुछ दिनों पहले हुए पिंक बूथ का उद्घाटन के बाद ताला लगा हुआ है। आज भैया दूज का दिन है। इस दिन महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाते हैं। उसके बावजूद भी पिंक बूथ का ताला लगा हुआ है। दूसरी तरफ इस मामले में फेस-2 थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी का अजीबोगरीब बयान सामने आया है। फोटो आने के बावजूद भी थाना प्रभारी अपनी लापरवाही मानने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि फोटो गलत हो सकता है। फोटो में साफ दिख रहा है कि फेस-2 थाना पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए कितनी चिंतित हैं।

कुछ दिनों पहले ही नोएडा पुलिस कमिश्नर, डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी, आईपीएस सुनीति, डीआईजी शिव हरी मीणा और थाने की टीम की मौजूदगी में इस पिंक बूथ का उद्घाटन हुआ था। उद्घाटन के वक्त पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस पिंक बूथ से महिलाओं को सुरक्षा दी जाएगी।




महिलाएं अब और भी ज्यादा अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी। पिंक बूथ में कोई ना कोई पुलिसकर्मी हर वक्त मौजूद रहेगा, लेकिन अभी एक महीने भी नहीं हुए और पुलिस की अनदेखी सामने नजर आने लगी है। अभी से पुलिस लापरवाही दिखने लगी है। पिंक बूथ पर ताला लग गया है।

# औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन पर जल्द मिलेगा कब्जा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने सेक्टर दस के तहत प्रभावित गांव आकलपुर, म्याना व मकसूदपुर गांव की जमीन अधिग्रहण की सूचना जारी कर दी है। तीनों गांव की कुल 243.96 हे. जमीन सेक्टर दस के लिए अधिगृहीत की जाएगी। प्राधिकरण इस सेक्टर में पांच औद्योगिक पार्क विकसित करेगा। औद्योगिक निवेश के साथ रोजगार सृजन होगा।

यमुना प्राधिकरण काफी समय से सेक्टर 10 में औद्योगिक पार्कों के लिए जमीन मिलने का इंतजार कर रहा है। प्राधिकरण पहले ही 250 एकड़ जमीन किसानों से सहमति के आधार पर क्रय कर चुका है, शेष जमीन के अधिग्रहण के लिए जिला प्रशासन के पास प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन जिले में सिंचित क्षेत्र का पांच प्रतिशत से अधिक जमीन अधिग्रहण की सीमा आड़े आने के चलते प्रस्ताव पर काम आगे नहीं बढ़ पाया।

शासन ने पांच प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर बीस प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद सेक्टर में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 19 की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसके तहत जमीन अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन पर पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन की योजना तैयार कर उसे पर ग्रामीणों की आपत्ति एवं सुझाव लेकर उनका निस्तारण होता है, लेकिन तीनों गांव में जमीन अधिग्रहण से कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है। धारा 19 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा वितरण और जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। सेक्टर दस में आकलपुर गांव की 45.69 हे., म्याना गांव की 165.25 हे. व मकसूदपुर गांव 33.06 हे. जमीन अधिगृहण की जा रही है।

### भूखंड योजना में पंजीकरण का आज अंतिम दिन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बीपीओ और आइटीईएस भूखंड योजना में पंजीकरण का आज (रविवार) अंतिम दिन है। आठ भूखंड की योजना में चार नवंबर तक दस्तावेज जमा कराने होंगे। भूखंडों का आवंटन नीलामी से होगा। स्टार्टअप को मौका देने के साथ योजना के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार सृजन होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नालेज पार्क पांच में आठ भूखंडों योजना निकाली थी।

इस योजना में आइटी, बीपीओ और आइटीईएस क्षेत्र की कंपनियों को नीलामी से भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इसमें दो भूखंड 500 वर्गमीटर और छह भूखंड 1000-1000 वर्गमीटर के हैं। प्राधिकरण के ओएसडी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि योजना में पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तीन नवंबर है। चार नवंबर को प्रपत्र जमा करने होंगे। प्रपत्रों की जांच करने के बाद नीलामी के माध्यम से भूखंड आवंटित किए जाएंगे। आवंटियों को एक माह में कब्जा दे दिया जाएगा। योजना के जरिये ग्रेटर नोएडा में निवेश के साथ रोजगार सृजन होगा।

# नोएडा के 55 गांवों में प्राधिकरण बनाएगा लाइब्रेरी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण में शामिल हो चुके 55 गांवों के पंचायत घर पुस्तकालय में तब्दील होंगे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के प्रस्ताव को यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह ने अपनी स्वीकृति दे दी है।

पंचायत घरों को पुस्तकालय बनाने से प्राधिकरण के करोड़ों रुपये की बचत होगी। वहीं कम समय में ग्रामीणों को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। पुस्तकालय में ई पुस्तक से लेकर वाइफाइ की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

यमुना प्राधिकरण अपने अधिसूचित गांवों में ग्रामीणों की मांग पर पुस्तकालय का निर्माण करा रहा है। इसमें भवन निर्माण से लेकर फर्नीचर, एसी, कंप्यूटर, वाइफाई, समाचार पत्र, पुस्तक व ई पुस्तक की सुविधा दी जा रही है। प्राधिकरण सीईओ ने 15 अगस्त को डूंगरपुर रीलखा गांव में पुस्तकालय का लोकार्पण किया था। इसके साथ पहले फेज के सभी 96 गांवों में पुस्तकालय बनाने की घोषणा की थी।



जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने 55 गांवों में पंचायत घरों का सर्वे कराने के बाद इन्हें पुस्तकालय बनाने का प्रस्ताव दिया, इसे प्राधिकरण ने स्वीकार कर लिया। पंचायती राज व्यवस्था समाप्त होने के बाद गांवों में पंचायत घर का खास उपयोग नहीं रह गया है। अनुपयोगी होने व देखरेख के अभाव में पंचायत घर खंडहर में बदलने लगे हैं।

सर्वे में सामने आया है कि पंचायत घर में मामूली मरम्मत कार्य कराने के बाद उन्हें पुस्तकालय के तौर पर उपयोग में लाया जा सकता है। इन पंचायत घरों में खड़की, फर्श, छत, दरवाजे, बिजली की वायरिंग आदि की मरम्मत की जरूरत है। पुस्तकालय के लिए नया भवन बनाने पर होने वाला खर्च बचने के साथ ही इसके लिए जमीन तलाशने की समस्या का भी सामना नहीं कर करना पड़ेगा।

डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने 55 गांव की सूची सौंपकर गांव के पंचायत घरों को पुस्तकालय बनाने का प्रस्ताव दिया है। प्राधिकरण इसके लिए सहमत है। जल्द ही इन गांवों में पंचायत घरों को पुस्तकालय बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

कंप्यूटर, वाइफाइ, फर्नीचर, पुस्तक, ई पुस्तक, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए पाठ्य पुस्तक, समाचार पत्र, पुस्तकालय की देखरेख के लिए कर्मचारी

मकनपुर बांगर, निलोनी शाहपुर, चक, कादलपुर, खेरली, गढ़ाना, पारसौल, ठसराना, मूंजखेड़ा, सलारपुर, डेरीन गुजरान, बल्लू खेड़ा, लतीफपुर, आदि गांव शामिल हैं।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाश पकड़े

## दिवाली की रात लूट में वेटर को मारी थी गोली

**नोएडा( चेतना मंच )।** दिवाली की रात वेटर को गोली मारने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गये हैं। सेक्टर-24 थाना पुलिस की मुठभेड़ हुई। सेक्टर-54 टी प्वाइंट के पास पुलिस की इन बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हुए।

दीपेश कुमार उर्फ मोहंती मूल रूप से उड़ीसा का निवासी था। सेक्टर-63 स्थित एक रेस्तरा में वेटर की नौकरी करता था। दिवाली की रात सेक्टर-36 के पास 5 हजार रुपये की लूट में बदमाशों ने उसे गोली मारी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान राजा ठाकुर, मिथुन निवासी होशियारपुर के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से बिहार के निवासी हैं।

दिवाली की रात हुई यह सनसनीखेज घटना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। इसके साथ ही पुलिस सतर्कता के दावों पर भी घटना से सवाल खड़े हुए हैं। आरोपियों से शुरुआती पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वेटर शराब के नशे में था। इसलिए उसको निशाना बनाया। लेकिन लूट के दौरान उसने एक आरोपी मिथुन को पकड़ लिया। इस वजह से पकड़े जाने के डर से उसे गोली मारी। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पिस्टल, तमंचा, बाइक व लूट के 4700 रुपये बरामद किए हैं।




RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses


# यमुना प्राधिकरण ने नोएडा एयरपोर्ट के पास पतंजलि को दी जमीन

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-24 में पतंजलि के द्वारा अपना परिसर लगाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पतंजलि के अलावा वीवो, जीआई और लिटांग समेत काफी मोबाइल कंपनी सेक्टर-24 में अपना परिसर स्थापित करेंगी। यह सभी फॉर्मूला साइट के पास होगा। आने वाले समय में इनके लिए भूखंड का विस्तार हो सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास तेजी के साथ विकास होता जा रहा है। वर्ष 2025 के अप्रैल महीने में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई जहाज उड़ने लगेंगे। उससे पहले मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, सेमीकंडक्टर, कोरियन सिटी, अमेरिका सिटी और जापानी सिटी समेत काफी इलाकों को विकसित किया जा रहा है। इसको लेकर दिन-रात काम चल रहा है। अब पतंजलि भी जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अपना परिसर स्थापित करेगी।

### सेक्टर-24 में आवासीय भूखंड स्कीम लॉन्च करने की तैयारी

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ.अरुणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर-24 में 120 मीटर चौड़ी सड़कों के साथ आवासीय भूखंड की स्कीम भी लॉन्च की जाएगी। जिसमें किसानों को 17.5 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। कुल मिलाकर आने वाले कुछ दिनों के भीतर यमुना प्राधिकरण के द्वारा नोएडा एयरपोर्ट के आसपास बहुमुखी विकास किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा एयरपोर्ट की साइट के पास एक दफ्तर भी यमुना प्राधिकरण का बनाया जाएगा।

# 'नमो भारत ट्रेन' के टाइम में बड़ा बदलाव



**गाजियाबाद( चेतना मंच )।**

भाई दूज के पर्व पर आरआरटीएस ने नमो भारत ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। आज से नियमित समय से पहले ट्रेन की सेवा शुरू हो जाएगी। एनसीआरटीसी ने भाई दूज के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। ताकि आने वाले यात्रियों को आवागमन में सुविधा व सहूलियत मिल सके।

दिल्ली- गाजियाबाद- मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन सेवाएं आज सुबह आठ बजे के बजाय सुबह छह बजे शुरू हो जाएगी। ट्रेन रात 10 बजे तक मिलेगी। आमतौर पर, नमो भारत ट्रेन सोमवार से शनिवार तक सुबह 6 बजे और ररिवार सुबह 8 बजे से संचालित होती है।

### साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक ट्रायल

ये कॉरिडोर जल्द ही साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर सेक्शन के जुड़ने के साथ 54 किलोमीटर तक विस्तारित होने वाला है, जिसके लिए वर्तमान में ट्रायल रन जारी हैं। इस विस्तार में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं, जिससे कनेक्टिविटी और मजबूत होगी और एनसीआर में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक पारगमन विकल्प उपलब्ध होंगे।

### महिलाओं के लिए खास तैयारी

आरआरटीएस ने यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर ट्रेनों के फेरे भी बढ़ाने की बात की है। ताकि सभी के लिए एक सहज और आरामदायक यात्रा का अनुभव सुनिश्चित हो सके। नमो भारत ट्रेन में सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महिला कोच उपलब्ध है, जो मेरठ की ओर यात्रा करते समय दूसरा कोच है, जबकि दिल्ली की दिशा में दूसरे-से-अंतिम कोच है। इसके अतिरिक्त सुविधा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए अन्य कोचों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें उपलब्ध हैं। सभी नमो भारत ट्रेनें और स्टेशन सार्वभौमिक रूप से सुलभ हैं, जो अलग-अलग जरूरत वाले यात्रियों के लिए एक सहज और समावेशी यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हैं। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों ने हाल ही में संचालन का एक वर्ष पूरा किया है। साहिबाबाद से मेरठ साउथ के बीच नौ स्टेशनों को जोड़ने वाले 42 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर 40 लाख से अधिक यात्रियों ने अभी तक नमो भारत ट्रेन सेवा का आनंद लिया है।


सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

## पहाड़ी दिवस

एक ढर्रा मापते हुए फिर 'पहाड़ी दिवस', कुछ कविताएं, कुछ भाषण और राहत की सांस लेता साहित्य जगत। कम से कम आज तक यह पहाड़ी दिवस न हिमाचली दिवस हो सका और न ही हिमाचलियों का स्वाभिमान बन सका। आश्चर्य यह कि इस दौरान कला, भाषा, संस्कृति, तीज-त्योहार और विभिन्न इवेंट्स का बाजार हिमाचल तक पहुंच गया, लेकिन हम अपने पहाड़ीपन को कहीं बहुत दूर छोड़ आए। एक नवंबर नामक सिक्के के एक पहलू में दुम दबाए हिमाचल आज पहाड़ी के नाम पर चंद कवियों को मेहनताना दे देगा या पहाड़ी की दिहाड़ी में हमारा कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग या संबंधित अकादमी अपने होने का कर्ज उतार देगी, वरना मैं कौन और तू कौन के बीच न पहाड़ी माहौल बचा और न ही हिमाचलियत का श्रृंगार हुआ। अलबत्ता यही कवि महोदय भाषाई विद्वेष के सिद्ध पुरुष बन 'हिमाचली भाषा' की प्रस्तावना मात्र से चिल्लाना शुरू कर देते हैं। तब इन्हें विशिष्ट संस्कृति के तालाब नजर आते हैं, लेकिन गुम होते भाषाई सरोकारों के बीच चुल्लू भर पानी दिखाई नहीं देता। पंजाब के पर्वतीय क्षेत्रों का 'आन मिलो सजना' अभियान एक ऐसी हकीकत है जो हिमाचल को भाषाई ताकत व लिखने को एक सशक्त कलम सौंपती है, लेकिन हिमाचली भाषा के नाम पर सर्दी-जुकाम हो जाता है। पंजाब में रहते हुए आधुनिक हिमाचल में शामिल हुए कांगड़ा के पर्वतीय इलाके आज के ऊना, हमीरपुर, कुल्लू व लाहुल-स्पीति एवं नालागढ़ क्षेत्र ही नहीं थे, बल्कि वहां सांस्कृतिक संरक्षण की कोई मिलावट नहीं थी। चंडीगढ़ के रोज गार्डन के सांस्कृतिक मंच पर पंजाब की विशालता में भाषाई स्तंभ की आज भी अगर एक दिशा पंजाबी को इंगित करती है, तो दो अन्य पर हरियाणवी और कांगड़ी बोली के संदर्भ उकेरे गए हैं। उस दौर में आकाशवाणी जालंधर नियमित रूप से 'पर्वत की गूंज' कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक छांव का पहरुआ बना रहता था। ऐसे में पंजाब के जिस हिस्से ने हिमाचल की विशालता को जन्म दिया, उसके भाषाई सरोकारों को रोकने के लिए सियासी पिट्ठू तैयार हो गए, क्योंकि हिमाचली भाषा की प्रासंगिकता और उत्पत्ति की वजह पंजाब पुनर्गठन रहा है। आश्चर्य यह कि जब पंजाबी बोलियों को पंजाबी भाषा का स्वरूप और मान्यता का श्रृंगार दिया जा रहा था, तो इसमें हिमाचल की आठ बोलियां भी समाहित हुईं और ये ओल्ड हिमाचल के बिलासपुर, मंडी और चंबा जिलों से भी ताल्लुक रखती हैं। हम अगर 'जम्मू की राह से चंबा की दूरी' मापते रहे हैं, तो मानव इतिहास की परंपराओं में अभिव्यक्ति का यथार्थ सांस्कृतिक जड़ें रही हैं। दुर्भाग्य यह है कि हिमाचल की परिधि में सिमटती विचारधारा ने जम्मू की राह के बजाय शिमला की राह पर, परंपरा और संस्कृति से पारंपरिक गीत को जोड़ दिया। बेशक हिमाचल की भाषाई एकरूपता और समझ को बढ़ाते हुए, लोक गायकों ने साबित कर दिया कि हमारी साझी विरासत में 'हिमाचली भाषा' को किस तरह व किस रूप में अंगीकार करना होगा। अगर कुलदीप शर्मा अब 'बडियों को तुड़का लगाकर' हिमाचली भाषा का सांस्कृतिक परिदृश्य एक कर रहे हैं तो प्रदेश के साहित्य में भौगोलिक सामंजस्य, पृष्ठभूमि, अध्ययन, सरोकार व शब्दावली को एक करने का माद्दा होना चाहिए। यह समय की चुनौती भी है और इसका सबसे बड़ा राजनीतिक उदाहरण पाकिस्तान के पंजाब में मिलता है जहां राष्ट्रभाषा के नाम पर पंजाबी भाषा को अछूत बना दिया गया। वहां की विरासत धीरे-धीरे शिक्षा के नाम पर उर्दू की चाकरी करते हुए पंजाबी को सिर्फ पुरानी पीढ़ी की बोलचाल तक महदूद कर चुकी है, क्योंकि पाकिस्तान में पंजाबी अब पढ़ाई नहीं जाती। हम हिमाचल में अपने बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी के भाषाई चाबुक से हांक कर भले ही नौकरी के काबिल बना दें, लेकिन पाठ्यक्रम में अगर 'हिमाचली भाषा' नहीं जोड़ी, तो एक दिन मातृ बोली भी अतीत हो जाएगी। कम से कम सांस्कृतिक समारोहों की वरीयता में संसाधनों का आबंटन तो बता ही रहा है कि दुनिया अब किसी और मुहाने पर खड़ी है। कांगड़ा वैली कार्निवाल में अगर करनैल राणा का सम्मान नहीं है और पंजाब से निकले सतिंद्र सिंह सरताज जैसे गायक को एकमुश्त तेईस लाख मिल रहे हैं, तो वहां आए मुख्यातिथियों ने लाल कालीन के नीचे कहीं हिमाचली भाषा की गर्दन पर पांव जरूर रख दिया है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यों कहकर नारद मुनि ब्रह्मलोक को चले गए। इस प्रकार कहकर मैना पति के चरणों पर मस्तक रखकर गिर पड़ीं। तब हिमवान ने प्रेम से कहा- चाहे चन्द्रमा में अग्नि प्रकट हो जाए, पर नारदजी के वचन झूठे नहीं हो सकते॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो०-प्रिया सोचु परिहरहु सबु सुमिरहु श्रीभगवान।**
**पारबतिहि निरमयउ जेहिं सोइ करिहि कल्यान॥**

हे प्रिये! सब सोच छोड़कर श्री भगवान का स्मरण करो, जिन्होंने पार्वती को रचा है, वे ही कल्याण करेंगे॥

**अब जौं तुम्हहि सुता पर नेहू। तौ अस जाइ सिखावनु देहू॥**
**करै सो तपु जेहिं मिलहिं महेसू। आन उपायँ न मिटिहि कलेसू॥**

अब यदि तुम्हें कन्या पर प्रेम है, तो जाकर उसे यह शिक्षा दो कि वह ऐसा तप करे, जिससे शिवजी मिल जाएँ। दूसरे उपाय से यह क्लेश नहीं मिटेगा॥

**नारद बचन सगर्भ सहेतू। सुंदर सब गुन निधि बृषकेतू॥**
**अस बिचारि तुम्ह तजहु असंका। सबहि भाँति संकरु अकलंका॥**

नारदजी के वचन रहस्य से युक्त और सकारण हैं और शिवजी समस्त सुंदर गुणों के भण्डार हैं। यह विचारकर तुम (मिथ्या) संदेह को छोड़ दो। शिवजी सभी तरह से निष्कलंक हैं॥

(क्रमशः..)

# अधिक बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा मौन

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है।

नायडू के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिए। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडू द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी।

दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की



*दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी।*

हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढ़कर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की ये संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉर्मूले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉर्मूला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू को हर हाल में आंध्रप्रदेश में अपने वोट बैंक को मजबूत रखना है। मुख्यमंत्री नायडू को इससे फर्क नहीं पड़ता कि भाजपा उनके बारे में क्या सोचती है। नायडू से समर्थन लेने की गरज भाजपा की है, नायडू की नहीं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री नायडू ने आंध्रप्रदेश में जब मुस्लिमों को मिला आरक्षण नहीं हटाए जाने की घोषणा की तब भी भाजपा से बोलते नहीं बन पड़ा। भाजपा को पता है कि नायडू से पंगा लेने का मतलब केंद्र सरकार का गिरना तय है। नायडू की पार्टी के 16 सांसदों का समर्थन केंद्र की भाजपा सरकार को हासिल है। इसलिए नायडू को भाजपा और केंद्र सरकार की परवाह नहीं है।

नायडू ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ही राज्य में मुस्लिम समुदाय को चार प्रतिशत आरक्षण देने के अपने रुख को दोहराया दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा। टीडीपी प्रमुख का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तेलंगाना के जहीराबाद में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए उस बयान के कुछ दिनों बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह धर्म के आधार पर दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कोटा मुसलमानों को नहीं दिए जाने देंगे। गौरतलब है कि इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक की ओबीसी सूची में मुस्लिम समुदाय को शामिल किए जाने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली सिद्धारमैया सरकार के फैसले की निंदा की थी। मध्य प्रदेश की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया और कहा, एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। इस कदम से ओबीसी समुदाय को आरक्षण के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित कर दिया गया है।

रिकॉर्ड बताते हैं कि कर्नाटक में यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल द्वारा लागू किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी की तरह ही देवगौड़ा की जद (एस) अब भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। भविष्य की राजनीति बचाने के लिए की जा रही नायडू और स्टालिन की कवायद से सवाल भी खड़े होते हैं। इसमें प्रमुख सवाल यही है कि क्या दोनों मुख्यमंत्री दो से ज्यादा बच्चे पैदा होने वाले बच्चे के पालन-पोषण का भार वहन करेंगे। क्या ऐसा करने वाले दंपत्ति को सरकार अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराएगी। जब तक सरकार ऐसी जिम्मेदारी उठाने को तैयार नहीं होगी, तब तक इनकी सलाह मानने वाले परिवारों को तमाम बोझ उठाना पड़ेगा। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दो से अधिक बच्चे होने पर जिम्मेदारी उठाने का जिक्र तक नहीं किया। इसी तरह भाजपा ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई। तमिलनाडु के मामले में हो सकता है कि भाजपा जरूर कोई बयान देती किन्तु पहल आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के करने से पासा पलट गया। भाजपा की मजबूरी बन गई, नायडू के मामले में दूर रहना।

**- योगेंद्र योगी**

# आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।



भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावड़ा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजड़ी, खेड़ा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतड़ी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहड़ा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पड़ूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए क ?। वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है।

शुरुआती दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है। व्यावसायिक रूप से किए जाने वाले उपयोग का लाभ जनजाति समाज को न मिलकर इसका पूरा लाभ समाज के अन्य वर्गों के लोग ले रहे हैं। उक्त वनस्पतियों एवं उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग करने के बाद से ही प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर शोषण किया जाने लगा है क्योंकि कई उद्योगों द्वारा उक्त उत्पादों का कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। इससे ध्यान में आता है कि जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है।

हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से ल ?ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया। भूमि साफ कर इसे कृषि योग्य बनाया और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया। विकास की धारा में आगे बढ़ते हुए धीरे-धीरे विभिन्न गावों एवं कस्बों का निर्माण किया।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वच्छंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।

जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है।

हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके।

भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद तक आसान बनाया जा सके।

**- प्रहलाद सबनानी**

# राशिफल

**कार्तिक शुक्ल : प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनावश्यक खर्च होंगे, रोग व्याधि, अनाब शनाब खर्चे, चोरी होना या पैसा कहीं खो जाना इत्यादि मतलब लॉस के चांसेस हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य आपका मध्यम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का संकेत दिख रहा है या असमंजस की स्थिति रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी। भाग्य में रोड़े रहेंगे। अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं। स्वास्थ्य खराब स्थिति में दिख रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति 1 तरीके से ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। राह के रोड़े हटेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी न लें। भावुक बने रहेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
घरेलू सुख बाधित। गृह कलह के संकेत। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर नीचे होता रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। गंदी जुबान से बचें। धन हानि के संकेत हैं। प्रेम संतान ठीक है, व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आपके घर-परिवार में पूजा आदि का योग है। घर में शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

# इस्कॉन मंदिर में गोवर्धन पूजा की धूम, श्रद्धालु उमड़े



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-32ए स्थित इस्कॉन मंदिर में गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला को जीवंत करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भक्तों की भारी भीड़ के बीच 20 फुट ऊंचे गिरिराज पर्वत की सुंदर सजावट की गई और पूरे विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की गई। मंदिर परिसर में चारों ओर हरे राम हरे कृष्णा के भजनों की गूंज सुनाई दी।

मंदिर के मीडिया प्रभारी एकांत धाम दास ने बताया कि इस बार भगवान को 56 अन्न का भव्य भोग लगाया गया, जिसमें भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ विदेशी व्यंजन भी शामिल रहे। इस महाभोग में भगवान के प्रिय मिष्ठान, फल, मेवा और अनाज के विशेष पकवान बनाए गए थे, जिन्हें श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से भगवान को अर्पित किया।

यह 56 भोग, भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्तों की असीम श्रद्धा का प्रतीक माना गया और इसे अन्नकूट महोत्सव के दौरान विशेष रूप से सजाया गया था।

गोवर्धन पूजा का यह आयोजन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला को समर्पित था, जिसमें उन्होंने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। इस आयोजन के दौरान भक्तों में श्रीकृष्ण के प्रति अगाध श्रद्धा और भक्ति का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

# गोवर्धन पूजा कर सुख-शांति की कामना



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 122 के कम्युनिटी सेंटर में गाय के गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा की गई और सेक्टर में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत, भंडार घर आदि की प्रतिमा बनाकर फल, फूल, धूप आदि से विधि विधिवत पूजन किया गया। इस अबसर पर श्रीमती रामेश्वरी देवी, श्रीमती मोनिका बंसल, श्रीमती सुभांगी जैन, श्रीमती अनिशा अग्रवाल, वीरपाल यादव, एस एस नेहरा, ब्रह्मदत्त शर्मा, अमित स्वामी, बलराम बंसल, आकाश अग्रवाल, पिंटू यादव, सुरेश यादव, वेद यादव एवं डॉ उमेश शर्मा उपस्थित रहे। अन्नकूट के अवसर पर प्रसाद के आयोजक अशोक बंसल, बलराम बंसल एवं आकाश अग्रवाल ने विधिवत पूजा कर के साथ विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जिसमें करीब 2000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि मथुरा के निवासियों के घर जो सब्जी उपलब्ध थी वह लेकर आए और सभी सब्जियों को मिलाकर आग पर पकाया गया था तभी से इस सब्जी को गोवर्धन का प्रसाद माना गया है।

# वेटर को बदमाशों ने मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-52 में विजय थापा चौक के पास शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे रेस्त्रा में काम करने वाले वेटर को बदमाशों ने गोली मार दी। पीड़ित का दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा है। बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीम लगी हैं। हालांकि पुलिस अभी खाली हाथ है। वहीं सरेराह हुई घटना ने त्योहार पर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए हैं। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक व्यक्ति घायलावस्था में सड़क पर पड़ा है। उसके गोली लगी हुई और शरीर से खून बह रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की और पीड़ित को घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारों की मानें तो उपचार के दौरान पीड़ित ने बताया वह घर जा रहा था। ऐसे में लूट के प्रयास के दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने गोली मार दी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित को दिल्ली रेफर कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की पहचान मूल रूप से उड़ीसा के 44 वर्षीय दीपेश कुमार के रूप में हुई।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No.:- DRM/C/AGRA/PARKING/E-AUCTION/2024 Dated:- 28.10.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा** के द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| **श्रेणी:** पार्किंग | **केटलोग संख्या:** PARKING-2024-09 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्स:** आगरा फोर्ट (किला साईड) रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित साईकिल, स्कूटर मोटरसाईकिल एवं कार पार्किंग।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय:** दिनांक: 12.11.2024 समय 11.30

**ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय :** दिनांक: 12.11.2024 समय 12.00

**नोट:** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

1888/24 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| **श्रेणी : नार्मल पे एण्ड यूज** | **नीलामी केटलॉग संख्या : PNU-AGRA-24-3** |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्स** | |
| अछनेरा जं0 रेलवे स्टेशन पर नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट का संचालन एवं रख-रखाव। | |
| आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन के सर्कूलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ. सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। | |
| वृदावन रोड, रेलवे स्टेशन के सर्कूलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ. सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। | |
| भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के सर्कूलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ. सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। | |
| छाता रेलवे स्टेशन के सर्कूलेटिंग एरिया में नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट (आई.आर.एफ. सी.) का संचालन एवं रख-रखाव। | |
| **ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 14.11.2024 समयः- 11:30** | |
| **ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 14.11.2024 समयः- 12:40** | |

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है।

**1894/24 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 03.11.2024 से 05.11.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04498 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 19:30 | बलिया | 13:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04062 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता. | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर जं. |
| 02392 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02526 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, द्वितीय श्रेणी एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, तूफानगंज, गोलकगंज, गौरीपुर, अभयापुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 04:00 | राँची | 05:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, नबी नगर रोड, जपला, गढ़वा रोड, डालटनगंज, लातेहार, टोरी, बरकाकाना एवं मूरी |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02252 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुलतानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04038 | दिल्ली जं. | 19:10 | आज़मगढ़ | 11:30 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं. एवं शाहगंज जं. |
| 04236 | दिल्ली जं. | 10:00 | हाजीपुर जं. | 07:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा एवं सोनपुर |
| **दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04078 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 16:25 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 04:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़., मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 02276 | नई दिल्ली | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:20 | 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी. | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04494 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04232 | नई दिल्ली | 10:00 | सहरसा जं. | 12:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., हाजीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, सिद्धार्थनगर और आनंद नगर |
| 04238 | दिल्ली जं. | 10:00 | बरौनी जं. | 11:10 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं शाहपुर पटोरी |
| 04240 | दिल्ली जं. | 12:30 | दानापुर | 08:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., प्रयाग जं., जंघई जं., भदोही, वाराणसी जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| **दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी, बरेली कैंट, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. और बिहार शरीफ |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 10:03 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं मशरख |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04072 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# एलआईसी ने शुरू किया सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान

## - छोटे निवेशकों को मिलेगा बड़ा फायदा




**मुंबई ।** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक नई डेली एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) योजना शुरू की है, जहां निवेशक मात्र 100 रुपए प्रतिदिन के साथ निवेश कर सकते हैं। इससे छोटे व्यापो रियों को फायदा होगा` जो रोज पैसा कमाते हैं। यह सुविधा 16 अक्टूबर से शुरू हो गई है। एलआईसी म्युचुअल फंड ने सिर्फ एलआईसी एमएफ टैक्स सेवर और एलआईसी एमएफ यूलिप को छोड़ अपनी बाकी सभी स्कीमों में रोजाना 100 रुपए सिप से निवेश करने की इजाजत दे दी है। डेली सिप के लिए कम से कम 60 इंस्टॉलमेंट के निवेश की शर्त है। निवेशक अगर मंथली सिप से निवेश करना चाहते हैं तो वे एलआईसी म्यूचुअल फंड की स्कीमों में हर महीने सिर्फ 200 रुपए के स्ढ्ढक्रसे निवेश कर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम इंस्टॉलमेंट कम से कम 30 होना चाहिए। निवेशक अगर हर तिमाही निवेश करना चाहता है तो वह एलआईसी म्यूचुअल फंड की स्कीम में हर तिमाही न्यूनतम 1000 रुपए का निवेश सिप के जरिए कर सकता है। कुछ समय पहले सेबी ने म्यूचुअल फंड्स की स्कीमों को लोगों के निवेश के दायरे में लाने के लिए छोटे अमाउंट के सिप शुरू करने का ऐलान किया था। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच भी कई बार माइक्रो सिप का जिक्र कर चुकी हैं। उनका मानना है कि इससे आबादी के बड़ा हिस्सा म्यूचुअल फंड की स्कीमों में निवेश कर ज्यादा रिटर्न का फायदा उठा सकता है।

# निजी बीमाकर्ता भी कमीशन ढांचे में करेंगे बदलाव, अगले हफ्ते होगी बैठक

**नई दिल्ली ।** बीमाकर्ताओं द्वारा पॉलिसियों को सरेंडर करने से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियां विभिन्न वितरकों के लिए अपने कमीशन ढांचे में फेरबदल करने पर` विचार कर सकती हैं। सामंजस्यपूर्ण कमीशन ढांचे की रूपरेखा तैयार करने के लिए अगले हफ्ते जीवन बीमा कंपनियों के प्रमुखों की जीवन बीमा परिषद के साथ बैठक प्रस्तावित है। घटनाक्रम के जानकार सूत्रों के अनुसार इस कदम का उद्देश्य पूरे उद्योग में कमीशन भुगतान में स्थिरता सुनिश्चित करना और वितरकों पर इसके असर को कम करना है। जिन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है उनमें कमीशन वापस लेना, कमीशन स्थगित करना और कमीशन में कटौती शामिल है। उद्योग के सूत्रों के अनुसार बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों जैसे बड़े कॉरपोरेट एजेंट के लिए बीमा कंपनियां कमीशन वापस लेने का विकल्प चुन सकती है जबकि व्यक्तिगत एजेंट के मामले में कमीशन स्थगित करना और उसमें कमी करने पर विचार हो सकता है। हालांकि यह एजेंट के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उद्योग के जानकारों का कहना है कि निजी बीमाकर्ता अभी वितरकों और एजेंटों के साथ चर्चा कर रहे हैं और अगले दो से तीन महीने में इस बारे में निर्णय ले लेंगे। कंपनियों का मानना है कि बेहतर कमीशन की पेशकश के हिसाब से कुछ व्यक्तिगत एजेंट एक से दूसरी कंपनी में जा सकते हैं। जीवन बीमा परिषद के आंकड़ों के अनुसार सितंबर तक जीवन बीमा क्षेत्र में 30 लाख से अधिक व्यक्तिगत एजेंट काम कर रहे थे, जिनमें भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ 14.4 लाख एजेंट जुड़े हैं। निजी क्षेत्र की एक बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कमीशन वापस लेने की व्यवस्था उन वितरकों पर लागू होगी जिनके साथ छोड़ने का बीमा कंपनियां जोखिम उठा सकती हैं। अन्य के मामले में कमीशन स्थगित करना और उसे घटाने का विकल्प अपनाया जा सकता है। अधिकतर बीमा कंपनियों ने हाल में ग्राहकों के लिए आंतरिक रिटर्न दर (आईआरआर) में कमी की है जो मुख्य रूप से ब्याज दर में बदलाव के कारण है। मगर नए सरेंडर वैल्यू मानदंड के कारण आगे इसमें और कटौती की जा सकती है।

# अमेरिका में 43 फीसदी छोटी कंपनियों का बुरा हाल

## उच्च ब्याज दरों के कारण ब्याज चुकाना भी हो रहा मुश्किल

**नई दिल्ली ।**



दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका में छोटी कंपनियों का बुरा हाल है। रसेल 2000 इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से 43 फीसदी घाटे में चल रही हैं। यह साल 2020 की महामारी के बाद सबसे अधिक है। यह 2008 के वित्तीय संकट से भी अधिक है तब 41 फीसदी छोटी कंपनियां घाटे में चल रही थीं। इतना ही नहीं इन कंपनियों का ब्याज के भुगतान पर भारी रकम खर्च करनी पड़ रही है। यह 2003 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। उच्च ब्याज दरों के कारण इन कंपनियों के लिए ब्याज चुकाना भी मुश्किल हो रहा है। अमेरिका में छोटी कंपनियां ही नहीं बल्कि बड़ी कंपनियां भी मुश्किल में हैं। इस साल अब तक 512 बड़ी कंपनियां खुद को दिवालिया घोषित कर चुकी हैं। यह 2020 की महामारी के दौरान से बस 6 कम है। महामारी के दौर को हटा दिया जाए तो यह 14 साल में सबसे बड़ी संख्या है। सितंबर में जहां 59 कंपनियां दिवालिया हुईं, वहीं अगस्त में 63 कंपनियों ने खुद को बैंकरप्ट घोषित किया। सबसे ज्यादा 81 कंपनियां कंज्यूमर सेक्टर में बैंकरप्ट हुई हैं। इंडस्ट्रियल में 60 और हेल्थकेयर में 48 कंपनियां इस साल बैंकरप्ट हुई हैं। इस बीच अमेरिका का कर्ज तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह 35.7 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जो उसकी इकॉनमी का करीब 125 फीसदी है। साल 2000 में अमेरिका पर 5.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज था जो साल 2010 में 12.3 ट्रिलियन डॉलर और 2020 में 23.2 ट्रिलियन डॉलर पहुंचा था। यूएस कांग्रेस के बजट दस्तावेजों के मुताबिक अगले दशक तक देश का कर्ज 54 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। पिछले तीन साल में ही देश का कर्ज 10 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बढ़ चुका है। स्थिति यह हो गई है कि अमेरिका को रोज 1.8 अरब डॉलर ब्याज के भुगतान में खर्च करने पड़ रहे हैं।

# सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर परामर्श प्रक्रिया अभी जारी: ट्राई प्रमुख

## – दूरसंचार नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सभी सुझावों पर गौर करेगा

**नई दिल्ली।** सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन के तौर-तरीकों को लेकर खींचतान के बीच ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि परामर्श प्रक्रिया अभी जारी है और दूरसंचार नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सभी सुझावों पर गौर करेगा। नियामक की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब स्टारलिंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क और भारतीय दिग्गजों के बीच सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर गतिरोध जारी है। ट्राई के चेयरमैन लाहोटी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के अवसर पर पत्रकारों से कहा` कि हमें दूरसंचार विभाग से संदर्भ मिला है। हमने दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ के प्रत्युत्तर में परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसमें उन मुद्दों को शामिल किया गया है जिन्हें दूरसंचार विभाग द्वारा ट्राई को भेजा गया है, परामर्श प्रक्रिया जारी है हम परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सभी विचारों पर गौर करेंगे और अपनी सुविचारित सिफारिशें प्रस्तुत करेंगे। रिलायंस जियो की स्थलीय तथा उपग्रह कंपनियों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ट्राई परामर्श पत्र को संशोधित करने की मांग पर ट्राई के चेयरमैन ने कहा` कि विभिन्न हितधारक परामर्श प्रक्रिया पर अलग-अलग मांग उठाते हैं। हम इन सभी दृष्टिकोणों तथा विचारों पर गौर करते हैं और एक सुविचारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने उपग्रह-आधारित संचार में इस्तेमाल होने वाले स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिये किए जाने की भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी और सुनील भारती मित्तल की मांग को अभूतपूर्व बताते हुए निशाना साधा है। अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो पुराने दूरसंचार परिचालकों को समान अवसर देने के लिए नीलामी के जरिये ऐसे स्पेक्ट्रम आवंटित करने की जरूरत पर बल दे चुकी है। भारती एयरटेल के प्रमुख मित्तल ने भी हाल ही में ऐसे आवंटन के लिए बोली लगाने की वकालत की। हालांकि मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक वैश्विक रुख के अनुरूप उपग्रह-आधारित संचार के लिए लाइसेंसों का प्रशासनिक आवंटन किए जाने की मांग कर रही है। स्टारलिंक दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते मोबाइल टेलीफोन और इंटरनेट बाजार भारत में कदम रखने की योजना बना रही है।

# डिजिटल अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में एआई निभाएगा अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को 2028 तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह खुलासा गूगल की रिपोर्ट से हुआ है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 20 फीसदी होगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि एआई न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर उभरने में भी मदद करेगा।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक भारत में एआई के व्यापक उपयोग से कम से कम 33.8 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक मूल्य हासिल हो सकता है। रिपोर्ट बताती है कि भारत अपनी तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, उत्कृष्ट तकनीकी प्रतिभा, युवा जनसंख्या और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ एआई से मिलने वाले लाभों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है एआई पहले से ही कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म एग्रोस्टार किसानों को सशक्त बनाकर फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद कर रहा है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा में, एआई निदान में सुधार कर रहा है और वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा रहा है। भारत में एआई के संभावित लाभों को बढ़ावा देने के लिए रिपोर्ट ने तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया है- जिसमें बुनियादी ढांचे और नवाचार में निवेश, मानव पूंजी और एआई-सशक्त कार्यबल का निर्माण एआई के व्यापक अपनाने और सार्वभौमिक पहुंच को प्रोत्साहित करना शामिल है। गूगल का लक्ष्य है कि वह भारत में 10 मिलियन लोगों को एआई डिजिटल साक्षरता से सशक्त बनाए, जिसमें छात्र, नौकरी चाहने वाले, शिक्षक, स्टार्टअप, डेवलपर्स, और सिविल अधिकारी शामिल हैं। यह प्रयास भारत को एक वैश्विक एआई हब के रूप में स्थापित करने में मदद कर सकता है।

# क्वांट म्यूचुअल फंड क्यूआईपी में सबसे बड़े निवेशक के रूप में उभरा

**नई दिल्ली ।** क्वांट म्यूचुअल फंड ने अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के हाल ही में संपन्न हुए 4,200 करोड़ रुपए के क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) में सबसे बड़े निवेशक के रूप में उभरा है। कुल इश्यू का लगभग 47 फीसदी हिस्सा क्वांट म्यूचुअल फंड ने खरीदा है। स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल की गई जानकारी के अनुसार, क्वांट म्यूचुअल फंड की प्रमुख स्कीम क्वांट स्मॉल कैप फंड ने अकेले ही के यूआईपी में 17.41 फीसदी हिस्सेदारी ली है। अडानी एंटरप्राइजेज ने इस क्यूआईपी के माध्यम से लगभग 4,200 करोड़ जुटाए, जिसमें 1.42 करोड़ इक्विटी शेयर 2,962 प्रति शेयर के मूल्य पर जारी किए गए। यह मूल्य फ्लोर प्राइस से 4.99 फीसदी की छूट पर था। क्वांट म्यूचुअल फंड की अन्य योजनाओं में क्वांट ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड, क्वांट एक्टिव फंड और क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड ने भी अडानी एंटरप्राइजेज क्यूआईपी में 7 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी ली है, जिससे इनका कुल निवेश 2,000 करोड़ से अधिक हो गया है। अडानी एंटरप्राइजेज ने यह क्यूआईपी 9 अक्टूबर 2024 को शुरू किया था और यह 15 अक्टूबर 2024 को बंद हुआ।

# इंटेग्रम एनर्जी ने आईपीओ लाने के लिए दस्तावेज जमा किए

**नई दिल्ली।**

अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता इंटेग्रम एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज जमा कर` दिए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष जमा किए दस्तावेजों के अनुसार आईपीओ 49.50 लाख के ताजा शेयर और निर्गम तथा प्रवर्तकों द्वारा 5.40 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बयान में कहा गया कि कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। नए निर्गम से हासिल राशि का इस्तेमाल अनुषंगी कंपनी इंटेग्रम ग्रीन एसेट्स में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि दो मेगावाट पीक (एमडब्ल्यूपी) सौर संयंत्र की स्थापना के लिए वित्तपोषण किया जा सके और कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

# टाटा पावर ने आरईसी पावर डेवलपमेंट से विशेष इकाई प्राप्त की

**नई दिल्ली ।**

टाटा पावर ने आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड से एक विशेष इकाई (एसपीवी) ईआरईएस-एक्सएक्सएक्सआईएक्स पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड हासिल कर ली है। टाटा पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसे ईआरईएस-एक्सएक्सएक्सआईएक्स पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड से आशय पत्र (एलओआई) मिला है। इसका वार्षिक पारेषण शुल्क 289.729 करोड़ रुपये है।कंपनी सूचना के अनुसार, परियोजना एसपीवी ईआरईएस-एक्सएक्सएक्सआईएक्स को निर्माण-स्वामित्व-संचालन-हस्तांतरण के आधार पर विकसित किया जाएगा। यह वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तारीख 31 दिसंबर 2027 से 35 वर्षों के लिए पारेषण सेवा प्रदान करेगा।

# सेवेंटीन ने जीयूवीएनएल के साथ पहला हाइब्रिड बिजली खरीद समझौता किया

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड की शाखा जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी सेवेंटीन लिमिटेड ने एसटीयू से जुड़ी 192 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि यह समझौता पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता के लिए कंपनी का पहला बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है। बयान के अनुसार, पीपीए पर 3.27 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की दर से 25 वर्ष की अवधि के लिए बिजली आपूर्ति के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं।इस परियोजना के 24 महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। इसे गुजरात में एसटीयू (राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटीज) से जोड़ा जाएगा।

# मुआवजा उपकर को 28 फीसदी जीएसटी स्लैब में मिलाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।** राज्य सरकारों ने केंद्र को बताया है कि वे मार्च 2026 के बाद मुआवजा उपकर की मौजूदा व्यवस्था समाप्त होने पर उसे 28 फीसदी के उच्चतम वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब में मिला देने के पक्ष में हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में जीएसटी मुआवजा उपकर पर मंत्रिसमूह की पहली बैठक में राज्यों ने यह प्रस्ताव भी दिया कि नया जीएसटी स्लैब बनाने के लिए उपकर को विलय करने के दौरान, विलासिता और अहितकर वस्तुओं की सूची में कोई नया सामान नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बैठक में शामिल एक राज्य के वित्त मंत्री ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा, 'सभी राज्यों ने उपकर को जीएसटी दरों में मिलाने का अनुरोध किया। उपकर वर्तमान में केंद्र द्वारा संग्रह किया जाता है और इसके जीएसटी दर में विलय के बाद राज्यों को ज्यादा राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी क्योंकि इसे केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से बांटा जाएगा। अगली बैठक में मंत्रिसमूह इस पर चर्चा करेगा कि मुआवजा उपकर को किस तरह से जीएसटी दर में शामिल किया जाए। मंत्रिसमूह को 31 दिसंबर तक जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। चौधरी ने कहा कि मुआवजा उपकर के मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई थी। राज्यों ने इस मसले पर अपने विचार साझा किए। बैठक में मुआवजा उपकर को आगे बढ़ाने या उसे घटाने पर भी चर्चा की गई। अगली बैठक नवंबर के दूसरे हफ्ते प्रस्तावित है।

# हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ में पैसा लगाने से कतरा रहे निवेशक




**मुंबई ।** दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ मंगलवार को खुला था। गुरुवार को इस आईपीओ को सब्सक्राइब करने का तीसरा और आखिरी दिन है। बुधवार को इस आईपीओ का दूसरा दिन था। ले किन निवेशक हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ में पैसा लगाने से कतरा रहे हैं। दो दिन बीत जाने के बाद भी इस आईपीओ को सिर्फ 42 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन ही मिला है। जहां एक तरफ कुछ आईपीओ खुलने के कुछ घंटों में ही पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाते हैं, वहीं दूसरी ओर ये आईपीओ दो दिन में आधा भी सब्सक्राइब नहीं हुआ है। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक 27,870 करोड़ रुपए वाले इस आईपीओ के तहत 9,97,69,810 शेयरों की ऑफरिंग के लिए अभी तक सिर्फ 4,17,21,442 शेयरों के लिए ही सब्सक्रिप्शन मिला है। गौरतलब है` कि भारतीय शेयर बाजार का सबसे बड़ा आईपीओ है। इससे पहले सरकारी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम का 21,000 करोड़ रुपए का आईपीओ आया था। बुधवार तक हुंडई के आईपीओ ने सिर्फ एम्प्लॉई कैटेगरी में ही 131 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन हासिल किया है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशन्स ने इस आईपीओ के लिए अभी तक 58 प्रतिशत, नॉन-इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने 26 प्रतिशत, रिटेल इंवेस्टर्स ने अपने कैटेगरी में 38 प्रतिशत ही सब्सक्राइब किया है। इसका मतलब ये हुआ कि हुंडई के आईपीओ को कर्मचारियों के अलावा किसी भी कैटेगरी के निवेशकों से कोई भाव नहीं मिल रहा है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 494 , निफ्टी 221 अंक गिरा

**मुम्बई ।**



घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे भारतीय बाजार पर दबाव पड़ा है और वह नीचे आया । आज कारोबार के दौरान । रियल्टी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल शेयरों में भारी बिकवाली से भी बाजार गिरा । दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 0.61 फीसदी तकरीबन 494.75 अंक नीचे आकर 81,006.61 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी पकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.89 फीसदी तकरीबन 221.45 अंक फिसलकर 24,749.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 41 कंपनियों के शेयर नीचे आये जबकि केवल 9 के शेयर ही लाभ में रहे।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में नेस्ले इंडिया का शेयर 3 फीसदी से ज्यादा गिरा । सितम्बर तिमाही का लाभ भी 0.94 फीसदी नीचे आकर 899.49 करोड़ रुपये रहने से एफएमसीजी कंपनी के शेयर में यह गिरावट आई है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, टाटा स्टील, मारुति, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये।

वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, टीसीएस (टीसीएस ), टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक जैसी आईटी कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड, एल एंड टी के शेयर भी लाभ पर बंद हुए।

जानकारों के अनुसार बाजार में गिरावट का एक बड़ा कारण बजाज ऑटो के शेयरों का नीचे आना रहा। बजाज ऑटो के शेयर आज 12 फीसदी तक नीचे आये। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की निकासी से भी बाजार पर दबाव आया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 3,435.94 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए जबकि यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार पॉजिटिव दायरे में बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई। अमेरिकी शेयर बाजार की तेजी से उत्साहित होकर बाजार में लगातार दो दिन से जारी गिरावट पर ब्रेक लग गया। बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी ने हरे निशान पर कारोबार की शुरुआती की। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 192 अंक की बढ़त लेकर 81,693 पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 0.06 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 4,986 पर खुला। विदेशी बाजारों की बात करें तो एशिया-पैसिफिक बाजारों में वॉल स्ट्रीट की बढ़त के बाद तेजी देखी जा रही है। जापान का निक्की 225 इंडेक्स 0.27 फीसदी बढ़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.85 फीसदी चढ़ा। कोरिया का कोस्पी 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

# हल्दीराम की प्रमोटर फैमिली का फैसला, अब 10 से 15 फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगे

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख नमकीन और मिठाई ब्रांड हल्दीराम को खरीदने के लिए दुनिया की बड़ी कंपनियां दिलचस्पी ले रही हैं। हल्दीराम की प्रमोटर फैमिली ने पहले मैज्योरिटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने योजना में बदलाव किया है। कंपनी अब 10 से 15 फीसदी हिस्सा ही बेचेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेन कैपिटल, ब्लैकस्टोन, और टेमासेक होल्डिंग्स जैसी प्राइवेट इक्विटी फर्मों ने हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने में रुचि है। हालांकि, इन कंपनियों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हल्दीराम का बिजनेस मुनाफे में है और स्नैक्स मार्केट में इसका प्रदर्शन मजबूत है। 2032 तक भारतीय स्नैक्स मार्केट के दोगुना होकर 95,521.8 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, जो इसे निवेश के लिए आकर्षक बनाता है। इससे पहले मई में खबरें आई थीं कि ये कंपनियां हल्दीराम की 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए 8-10 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर बातचीत कर रही थीं लेकिन वैल्यूएशन को लेकर मतभेदों के चलते यह सौदा टल गया। हल्दीराम ने आईपीओ लाने पर भी विचार किया था, लेकिन इस पर बात नहीं बनी। हल्दीराम का बिजनेस नागपुर और दिल्ली गुटों के मर्जर के बाद एकीकृत हो चुका है। हल्दीराम स्नैक्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड की 56फीसदी और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की 44फीसदी हिस्सेदारी है।




बता दें हल्दीराम की शुरुआत 1937 में गंगा बिसन अग्रवाल ने की थी और आज यह कंपनी 100 से ज्यादा देशों में 400 से ज्यादा फूड आइटम्स बेच रही है। हल्दीराम का मुख्य मुकाबला बालाजी वैफर्स, बीकानेरवाला, आईटीसी, पार्ले प्रॉडक्ट्स, और पेप्सिको जैसी कंपनियों से है। हल्दीराम की भारतीय स्नैक्स मार्केट में 21फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि पेप्सिको की 15फीसदी है।

# भारत से व्यापार में चीन सबसे आगे

## अप्रैल-सितंबर के दौरान कुल 56.29 अरब डॉलर मूल्य का आयात चीन से हुआ

**नई दिल्ली।** चीन इस साल अप्रैल-सितंबर के दौरान भारत के टॉप आयात स्रोत के रूप में उभरा है। इस अवधि में कुल 56.29 अरब डॉलर मूल्य का आयात चीन से हुआ है यानी सामान चीन से भारत आया है। वहीं इसी अवधि में अमेरिका देश के लिए टॉप एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। अमेरिका को सामान का किया जाने वाला निर्यात 5.62 प्रतिशत बढ़कर 40.38 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान चीन से आयात 11.5 प्रतिशत बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में आयात 50.48 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में भारत में होने वाले आयात के शीर्ष 10 स्रोत चीन, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इराक, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर रहे. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान रूस से आयात बढ़कर 32.18 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 30.43 अरब डॉलर था। इसी तरह यूएई से होने वाला आयात इस अवधि में बढ़कर 31.46 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 20.70 अरब डॉलर था। इस अवधि के दौरान देश के शीर्ष 10 निर्यात गंतव्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, ब्रिटेन, चीन, सिंगापुर, सऊदी अरब, बांग्लादेश, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका रहे।

**खास खबर**

### लंका टी10 सुपर लीग में छह टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण में छह फ्रैंचाइजी टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। आयोजकों ने शनिवार को उक्त जानकारी दी।हिस्सा लेने वाली टीमों में कोलंबो स्ट्राइकर्स, गैले मार्वल्स, जाफना टाइटन्स, कैंडी बोल्ट्स, हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स और नेगोम्बो ब्रेव्स शामिल हैं। उद्घाटन लंका टी10 सुपर लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर, 2024 को कोलंबो में होगा। यह टूर्नामेंट 12 से 22 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें छह फ्रैंचाइजी टीमें भाग लेंगी और क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। टीमों के नामकरण में प्रत्येक शहर की ताकत और विशिष्ट चरित्र को दर्शाया गया है, क्रिकेट में इसके योगदान का जश्न मनाया गया है, इस प्रकार खेल को स्थानीय पहचान के साथ जोड़ा गया है, जिससे समुदाय के गौरव को बढ़ावा मिला है और अपनी टीम के लिए समर्थन मिला है।

### यूएसपीएल ने की कमेंटरी पैनल की घोषणा

**फ्लोरिडा।** ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक शुरू हो रही यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) ने सोमवार को सीजन 3 के लिए एक स्टार-स्टडेड कमेंट्री पैनल की घोषणा की। पैनल में पूर्व खिलाड़ी मोनाली पटेल, पॉल निक्सन, कायनात वकार, मैरी केली और जॉन केंट शामिल हैं। इनके अलावा शानदार व्यक्तित्व और क्रिकेट की गहरी समझ के लिए प्रसिद्ध ग्रेस बोलिंजर भी पूर्व क्रिकेटरों के साथ कमेंट्री बॉक्स साझा करते हुए नजर आएंगी।
पैनल को लेकर यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा, ₹हम सीजन 3 के लिए इतनी विविध और अनुभवी कमेंटरी टीम पाकर बहुत रोमांचित हैं। खेल के प्रति उनका संयुक्त ज्ञान और समझ दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। यूएसपीएल अपने हर सीजन के साथ ही और भी बड़ा और बेहतर होता जा रहा है।

### नेमार, एंड्रिक ब्राजील की टीम से बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** अनुभवी फारवर्ड नेमार और रियल मैड्रिड के युवा एंड्रिक को वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल नहीं किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 128 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर नेमार, लगभग एक साल पहले एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद पिछले महीने अपने क्लब अल हिलाल के लिए एक्शन में लौटे। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने कहा कि 14 नवंबर को वेनेजुएला के साथ होने वाले मैच और पाँच दिन बाद उरुग्वे के खिलाफ होने वाले घरेलू मैच के लिए 32 वर्षीय खिलाड़ी को वापस बुलाना बहुत जल्दबाजी होगी। डोरिवल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ₹वह पूरी तरह से ठीक हो गया है, लेकिन उसने सिर्फ. कुछ मिनट ही खेले हैं, और यही एक बड़ी वजह थी।

### बांग्लादेश की वनडे टीम घोषित

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को शामिल नहीं किया गया है। गौरतलब है कि शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर में खेले गए अपने विदाई टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए। इससे पहले बीसीबी के प्रमुख फारुक अहमद ने सभी को इस बारे में जानकारी दी। फारुक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹शाकिब अपना विदाई टेस्ट खेलने नहीं आ पाए, जिसके बाद उन्होंने ज्यादा अभ्यास नहीं किया। मुझे लगता है कि उन्हें फिर से संगठित होने के लिए कुछ समय चाहिए। सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो टीम की अगुआई करेंगे और ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज दौरे पर उनके डिप्टी होंगे।

# दूसरे दिन 15 विकेट गिरे, न्यूजीलैंड की 143 रन की लीड

- न्यूजीलैंड 235 और 1741/9 - भारत 263




एजेंसी

**मुंबई ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वानखेड़े स्टेडियम में चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच का दूसरा दिन बेहद रोमांचक रहा। इस दिन कुल 15 विकेट गिरे, जिसमें भारत ने 6 और न्यूजीलैंड ने 9 बल्लेबाजों के विकेट गंवाए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 171 रन पर 9 विकेट खो दिए हैं और उनके पास 143 रनों की लीड है।
इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। विशेष रूप से रविंद्र जडेजा ने 4 विकेट लिए, जिससे कीवी बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ गईं। टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने जल्दी-जल्दी विकेट खो दिए, जबकि डेरिल मिचेल ने 21 रन बनाकर कुछ समय तक क्रीज पर टिकने की कोशिश की। भारत की पहली पारी की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा केवल 15 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने मिलकर कुछ अच्छे शॉट लगाए। गिल ने 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि पंत ने 60 रन बनाकर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिससे भारत ने 263 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 28 रनों की बढ़त दी। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने खेल की शुरूआत करते हुए पहले ओवर में ही टॉम लैथम का विकेट खो दिया। जडेजा ने फिर से शानदार गेंदबाजी करते हुए ईश सोढ़ी और विल यंग के विकेट लिए। यंग ने 51 रन बनाकर कुछ संघर्ष किया, लेकिन जडेजा की गेंदबाजी के सामने वह भी नहीं टिक सके। न्यूजीलैंड की पारी में ग्लेन फिलिप्स ने आक्रमकता दिखाई, लेकिन वे केवल 2 रन बनाकर आउट हो गए।
दूसरे दिन के खेल के अंत में न्यूजीलैंड ने 171 रन बना लिए थे और उनके पास 143 रनों की लीड है। जडेजा ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से मैच का रुख बदलने की कोशिश की। भारतीय गेंदबाजों के सामने अब चुनौती है कि वे न्यूजीलैंड को कम से कम स्कोर पर रोकें ताकि अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दे सकें। टेस्ट मैच का तीसरे दिन में भारतीय टीम को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है, और दर्शकों को इस मुकाबले में रोमांचक पल देखने को मिल सकते हैं।

## कोहली का रन आऊट देख अनिल कुंबले जाहिर की चिंता



एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने वानखड़े स्टेडियम में सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन विराट कोहली के रन आउट को लेकर अपनी चिंता जाहिर की और इसे आत्मघाती बताया। कुंबले का मानना है कि भारतीय टीम को ऐसे महत्वपूर्ण समय पर कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी से बेहतर निर्णय लेने की उम्मीद होती है, खासकर जब दिन का खेल समाप्त होने वाला हो। भारत दूसरे दिन शुभमन गिल (31) और ऋषभ पंत के साथ क्रीज पर लौटेगा, जो 149 रनों की कमी को पूरा करने के लिए संघर्ष करेंगे। पहले दिन का खेल भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। जहां टीम ने रोहित शर्मा का शुरूआती विकेट खोया, वहीं जयसवाल के आउट होने के बाद टीम को संभालने का मौका था। कुंबले ने कहा कि रोहित का विकेट गिरने के बावजूद टीम के पास संतुलन बनाए रखने का अवसर था, लेकिन इसके बाद लगातार विकेट गिरते गए। नाइट वॉचमैन भी पहली गेंद पर ही आउट हो गए, और फिर विराट कोहली रन आउट हो गए, जो दिन के खेल का सबसे महत्वपूर्ण और निराशाजनक क्षण रहा। कुंबले ने कहा, किसी ने भी कोहली के रन आउट होने की उम्मीद नहीं की थी, खासकर दिन के आखिरी ओवर में। यह वास्तव में एक आत्मघाती गलती थी।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम अब नहीं खेलेगी अभ्यास मैच



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होने वाला अभ्यास मुकाबला स्थगित हो गया है। भारतीय टीम को 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 मैचों की सीरीज खेलनी है। इससे पहले भारतीय टीम को ए टीम के साथ एक इंट्रा स्क्वॉड मैच खेलना था पर तीन दिवसीय इस इंट्रा स्क्वॉड मैच को अब रद्द कर दिया गया है। भारतीय टीम प्रबंधन इंट्रास्क्वॉड मैच खेलने की जगह पर नेट प्रैक्टिस पर ध्यान देना चाहती है। भारत की ए टीम भी इस इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेगी और उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। वहीं भारतीय टीम ए टीम 15 से 17 नवंबर के बीच पर्थ में रूतुराज गायकवाड की कप्तानी में भारतय टीम से अभ्यास मैच खेलने वाली थी पर अब ये मैच नहीं होगा। इसका कारण है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और वरिष्ठ खिलाड़ी नेट पर अधिक समय बिताना चाहते हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घरेलू श्रृंखला समापत होने के बाद ऑस्ट्रेलिया जायेगी। ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर जाने वाली भारतीय टीम पर अतिरिक्त दबाव होगा क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में हार से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उसकी जगह भी दांव पर लगी है। माना जाता है कि वाका की पिच पर्थ स्टेडियम की पिच की तरह ही है। ऐसे में शीर्षक्रम के बल्लेबाज पिच पर अधिक समय बिताना चाहते हैं। इसी को लेकर टीम के भीतर आपस में मैच को सही नहीं माना जा रहा क्योंकि अगर कोई बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाता है तो उसे जल्दी दोबारा पिच पर उतरने का समय नहीं मिलेगा। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर अभ्यास मैच भी खेले थे।

## चहल की एक बार फिर उपेक्षा हुई



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** स्पिनर युजवेंद्र चहल को प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भी वह स्थान नहीं मिला है जिसके वह अधिकारी हैं। चहल पिछले काफी समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। वहीं आईपीएल के लिए जिस टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में वह सात साल रहे उसने भी उसे रिटेन नहीं किया। आईपीएल 2022 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने युजवेंद्र चहल को खरीदा। टीम के लिए अपने पहली ही सत्र में 17 मैचों में चहल ने 27 विकेट लिए। उन्होंने पर्पल कैप भी जीती। 2023 सत्र में 14 मैच में 21 और 2024 सीजन में 15 मैच में 18 विकेट लिए। इस प्रकार 3 सत्र के 46 मैच में 66 विकेट। यही नहीं चहल आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 205 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। इसके बाद भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। वहीं आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली को आरसीबी ने 21 करोड़ में रिटेन किया है जबकि सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला चहल को रिलीज कर दिया गया। राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर और संदीप शर्मा को रिटेन किया है। संदीप अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में टीम से जुड़े हैं पर चहल को फ्रेंचाइजी ने बाहर कर दिया। राजस्थान के पास आरटीएम भी नहीं बचा है। चहल टीम इंडिया से भी बाहर चल रहे हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं पर इसके बाद भी अभी तक उन्हें टी20 विश्वकप तक खेलने को नहीं मिला।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को मनाने में लगा पाकिस्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और केंद्र सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने पाकिस्तान आने के इच्छुक भारतीय फैंस के लिए तुरंत वीजा जारी करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने अमेरिका के सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ बैठक के दौरान यह आश्वासन दिया। नकवी ने कहा कि पीसीबी को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने बड़ी तादाद में भारत के क्रिकेट प्रेमी पाकिस्तान आएंगे। वह चाहते हैं कि भारतीय फैंस पाकिस्तान आकर लाहौर में इन दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को देखें। मीडिया रिपार्ट में नकवी के हवाले से कहा गया है कि हम भारतीय फैंस के लिए टिकटों का एक विशेष कोटा रखेंगे और हम जल्द से जल्द वीजा जारी करने उपयुक्त कदम उठाएंगे।
पाकिस्तान अगले साल फरवरी मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं किया है क्योंकि वह इस बात की पुष्टि चाहता है कि भारत सरकार इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देगी या नहीं।
बता दें कि बीसीसीआई ने पहले ही कह दिया है कि वह भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगा। भारत ने न्यूट्रल वेन्यू के लिए कहा है। 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।

### बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं सर्जियो रामोस

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पेन के विश्व कप विजेता सर्जियो रामोस फ्री ट्रांसफर पर बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं। टीवाईसी स्पोर्ट्स के अनुसार, 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बोका के अध्यक्ष जुआन रोमन रिक्वेल्मे और मैनेजर फर्नांडो गागो के साथ प्रारंभिक बातचीत की है। पिछले महीने बोका जूनियर्स की कमान संभालने वाले गागो, 2007 से 2012 तक रियल मैड्रिड में रामोस के साथी थे और आउटलेट के अनुसार, दोनों के बीच घनिष्ठ मित्रता बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्यूनस आयर्स के दिग्गजों ने सेंट्रल डिफेंडर को पांच मिलियन यूरो (लगभग 5.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का वार्षिक वेतन देने की पेशकश की है।

## अपने चयन पर खुशी के साथ भावुक नजर आए बुमराह



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 18 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। बुमराह ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक वीडियो में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह एमआई के साथ अपने सफर को अगले तीन सालों तक जारी रखकर बेहद खुश हैं। बुमराह ने कहा, मैं 19 साल की उम्र में यहां आया था और अब 31 का होने जा रहा हूं। यह मेरे लिए एक संपूर्ण यात्रा रही है और मुझे खुशी है कि यह आगे भी जारी रहेगी। बुमराह ने अपनी भूमिका में बदलाव के बारे में बताया कि पहले वह खेल के दिग्गजों से सवाल पूछते थे, और अब वे खुद नई पीढ़ी के खिलाड़ियों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब टीम में युवा खिलाड़ी हैं जो मुझसे कई साल छोटे हैं। मुझे उनकी मदद करने में खुशी मिलती है क्योंकि जब मैंने शुरूआत की थी, तब मुझे भी बहुत सहायता मिली थी।
गौरतलब है कि आईपीएल 2024 का सीजन एमआई के लिए निराशाजनक रहा, जिसमें टीम हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में सबसे निचले स्थान पर रही। इस बदलाव के चलते कुछ प्रशंसकों ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान बनाए जाने पर असंतोष भी जताया। फैंस के इस रिएक्शन पर बुमराह ने कहा कि मुंबई इंडियंस को पता है कि कैसे चैंपियनशिप जीती जाती है, और अब टीम अपना ध्यान सुधार पर केंद्रित रख रही है। बुमराह ने कहा, हमें अपनी गलतियों से सीखकर उन्हें सुधारना चाहिए और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। हमारा हमेशा से यही तरीका रहा है, और उम्मीद है कि इस पर काम करते हुए हम अच्छे परिणाम हासिल करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम में खेलने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए बुमराह ने कहा कि वहां की ऊर्जा और जीवंतता का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा, अगर किसी ने वानखेड़े में पहले कभी खेल का अनुभव नहीं लिया है, तो वह इसे जरूर देखे। यहां की भीड़ और माहौल अद्वितीय है। अपनी भूमिका को जिम्मेदारी मानते हुए बुमराह ने कहा कि वह सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि कुछ खास योगदान देने वाले खिलाड़ी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने ओवरों को एक जिम्मेदारी के रूप में देखता हूं। हारने पर हमें शून्य से शुरूआत करनी होती है और यही इस खेल की खूबसूरती है।

## संजय मांजरेकर ने की जड़ेजा की तारीफ



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने मुंबई टेस्ट के पहले दिन अपनी शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड की टीम को 235 रनों पर सीमित कर दिया। जडेजा ने 5 विकेट लेकर अपने करियर का 14वां पांच विकेट हाल हासिल किया। उनकी इस लाजवाब गेंदबाजी के चलते भारत को मैच में बढ़त बनाने में मदद मिली है। जडेजा के प्रदर्शन को देखकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थके। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मांजरेकर ने लिखा, मेरे पसंदीदा क्रिकेटर जडेजा के लिए चांद पर हूं! एक फिफर! उसे इसकी जरूरत थी, और टीम को भी। जडेजा ने इस प्रदर्शन के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है। वह अब भारत के लिए टेस्ट में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने भारतीय दिग्गज जहीर खान और इशांत शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों की सूची में जडेजा अब 314 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, और उनसे ऊपर सिर्फ अनिल कुंबले (619), रविचंद्रन अश्विन (553), कपिल देव (434) और हरभजन सिंह (417) हैं। इस सीरीज के दौरान जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 3,000 रन और 300 विकेट का डबल मील का पत्थर भी हासिल किया, जो केवल दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों, कपिल देव और रविचंद्रन अश्विन, ने ही किया है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुर्लभ मानी जाती है और इसे हासिल करने वाले जडेजा इंग्लैंड के इयान बॉथम के बाद सबसे तेज खिलाड़ी हैं।

## आईपीएल में नये कोचों के साथ उतरेंगी रॉयल्स




एजेंसी

**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में इस बार राजस्थान रॉयल्स, मुम्बई इंडियंस सहित चार टीमों के नये कोच होंगे। टीमों ने रिटेशन के जरिये कई नये खिलाड़ियों को शामिल किया है जबकि कई बड़े खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। ऐसे में आईपीएल 2025 इस बार खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि विभिन्न कोच के लिए भी अहम रहेगा। सितंबर 2024 में द्रविड़ को राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल खिताब जिताने के लिए एक करार 2025 सत्र के लिए किया है। द्रविड़ ने कहा कि मैं उस फ्रेंचाइजी में वापसी करके खुश हूं, जिसे मैं कई सालों से अपना घर कहता रहा हूं। विश्व कप के बाद, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक और चुनौती लेने का सही समय है और रॉयल्स ऐसा करने के लिए सबसे सही जगह रहेगी। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को 2025 आईपीएल के लिए मुंबई इंडियंस का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। जयवर्धने, जो पहले मुंबई इंडियंस समूह के क्रिकेट के वैश्विक प्रमुख थे, 2025 सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर की जगह कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे।आईपीएल 2025 सत्र के लिए पंजाब किंग्स ने पोंटिंग को अपना नया मुख्य कोच घोषित किया। पोंटिंग साल 2025 सीजन और उसके बाद के लिए टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कोच बनने के बाद कहा कि मुझे नया मुख्य कोच बनने का अवसर देने के लिए मैं पंजाब किंग्स का आभारी हूं।

# मेगा नीलामी में पंत, राहुल और ईशान पर बरसेगा धन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी हो गई है। मेगा ऑक्शन से पहले 10 फ्रेंचाइजी टीमों की ओर से 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स जैसी फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने-अपने कोर ग्रुप को रिटेन किया है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स अब ऑक्शन में नई रणनीति के साथ उतरेंगी। बता दें कि आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स के पास सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ रुपए होंगे। पंजाब किंग्स ने नीलामी से पहले सिर्फ दो खिलाड़ियों शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को वापस किया था। उधर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास पर्स में 83 करोड़ रुपए बचे हैं, जो दूसरा सर्वाधिक है। ऑक्शन में सबसे कम पर्स 41 करोड़ राजस्थान रॉयल्स के पास रहेगा। बीसीसीआई ने हाल ही में रिटेंशन को लेकर नए नियम बनाए हैं। इसके मुताबिक, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती है। यदि किसी ने टीम 6 से कम खिलाड़ियों को रिटेन किया है, तो उस स्थिति में फ्रेंचाइजी को ऑक्शन के दौरान राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन इस महीने की आखिर में या दिसंबर की शुरूआत में हो सकता है। आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी में ऋषभ पंत, केएल राहुल और ईशान किशन की अच्छी बोली लगेगी। इन तीनों खिलाड़ियों को उनकी टीमों ने रिटेन नहीं किया है। ऋषभ ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी, वहीं केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स की कमाल संभाली थी। जबकि ईशान किशन मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। अब इन तीनों ही खिलाड़ियों पर आईपीएल 2025 की नीलामी में पैसों की बारिश हो सकती है। सबसे बड़ी बात ये है कि पंत-राहुल-ईशान विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। साथ ही ऋषभ पंत और केएल राहुल को तो आईपीएल में कप्तानी का भी अनुभव है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों को कप्तान की भी तलाश है, ऐसे में पंत और राहुल के लिए नीलामी में बिडिंग वॉर छिड़ सकती है। ईशान किशन की भी विकेटकीपिंग स्किल शानदार है लेकिन उनकी बल्लेबाजी में उतनी निरंतरता देखने को नहीं मिली है। कई बार सेट होने के बाद वह विकेट गंवाते रहे हैं। हालांकि कुल मिलाकर ईशान की प्रतिभा पर किसी को संदेह नहीं है और वो भी मेगा नीलामी में धूम मचाएंगे।




सिंगापुर में विश्व एक्वेटिक्स तैराकी विश्व कप में महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल के बाद जश्न मनाती संयुक्त राज्य अमेरिका की रीगन स्मिथ।

## पंजाब में नहीं थम रहीं पराली जलाने की घटनाएं, एक दिन में दर्ज हुए 587 मामले

चंडीगढ़। पंजाब में खरीफ के चालू सत्र में पराली जलाने की घटनाएं दिन ब दिन बढती जा रही हैं। शुक्रवार को राज्य में पराली जलाने के 587 मामले दर्ज किए गए, जो एक दिन में अब तक का सबसे ज्यादा आंकड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक 15 सितंबर से 1 नवंबर तक राज्य में कुल 3,537 पराली जलाने की घटनाएं हुई। शुक्रवार को सबसे ज्यादा मामले संगरूर जिले में 79, फिरोजपुर में 70, तरन-तारन में 59, अमृतसर में 40, बठिंडा में 34, कपूरथला में 43, मानसा में 47 और पटियाला में 40 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा, फाजिल्का, रूपनगर और पठानकोट जिलों में एक-एक मामला सामने आए हैं। पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इससे पहले, सबसे ज्यादा मामले गुरुवार को 484 दर्ज किए गए थे, जिसमें संगरूर में 89, फिरोजपुर में 65 और मानसा में 40 मामले शामिल थे। इस वृद्धि के पीछे के कारणों में किसान संगठनों द्वारा फसल के अवशेषों को जलाने के संबंध में लापरवाही और जरुरी संसाधनों की कमी शामिल हो सकती है। यह पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि इससे वायु गुणवत्ता में भी गिरावट आ रही है, जो जन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। राज्य सरकार और पर्यावरणीय संगठनों ने इस समस्या के समाधान के लिए विभिन्न उपायों की योजना बनाई है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## शादी के लिए बना फर्जी आईपीएस

जयपुर। दुनिया में झूठ बोलकर शादी से लेकर बड़े-बड़े फर्जीवाड़े करने वालों की कमी नहीं है। हाल में एक ऐसे ही हैरान करने वाले मामले का खुलासा हुआ है। उत्तराखंड के मसूरी में किराने की दुकान पर काम करने वाले एक युवक ने शादी रचाने के लिए ऐसी करतूत की जिसे जानकर आप माथा पकड़ लेंगे। दरअसल, उसने एक लडक़ी को इम्प्रेस करने के लिए पहले खुद को राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल और फिर अलवर में इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी बताया लेकिन फिर भी बात नहीं बनी तो कुछ समय बाद उसने दावा किया कि उसका चयन आईपीएस अधिकारी के तौर पर हो गया। वह फ्री समय में मसूरी आईपीएस ट्रेनिंग सेंटर के बाहर जाकर तस्वीरें खींचता और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देता। इन्हीं तस्वीरों से लडक़ी का परिवार यह मान बैठा कि सुनील एक आईपीएस अधिकारी है और इस आधार पर लडक़ी के परिवार ने सगाई के लिए हामी भर दी और दोनों की सगाई हो भी गई। लेकिन कुछ समय बाद उसकी असलियत सामने आई तो पैरों तले जमीन खिसक गई।

## गोदाम में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

मुंबई। मुंबई के अंधेरी में एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई। हालांकि आग से कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते बृहन्मुंबई नगर निगम की दमकलों ने आग पर काबू पा लिया। बीएमसी के एक अधिकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना रात करीब आठ बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग संभवत: झुग्गी बस्ती के भीतर स्थित एक गोदाम में लगी थी। दमकल विभाग ने शुक्रवार शाम को आग बुझाने का कार्य तेजी से शुरू किया, और राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन दमकल विभाग की टीम स्थिति पर निगरानी रखे हुए है और आग बुझाने का प्रयास जारी है। आग ने आसपास के क्षेत्र में धुआं फैला दिया, जिससे कुछ समय के लिए दृश्यता प्रभावित हुई।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक पाकिस्तानी आंतकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। मारे गए आतंकी की पहचान पाकिस्तान निवासी उस्मान के रूप में हुई है, जो पिछले एक दशक से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल था। फिलहाल, इलाके में दो अन्य आतंकियों के छिपे होने की आशंका है, जिसके चलते सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। मुठभेड़ के दौरान जिस मकान में आतंकी छिपे थे, वहां बड़ा धमाका हुआ और मकान में आग लग गई। ऑपरेशन में 2 सीआरपीएफ और 2 पुलिस के जवान भी घायल हुए हैं, इनका इलाज अस्पताल में जारी है। ऑपरेशन के दौरान आतंकियों को बाहर निकालने सुरक्षाबलों ने मकान के अंदर आग लगाने की रणनीति अपनाई ताकि धुआं और आग देखकर आतंकी बाहर आ जाए। सुरक्षाबल किसी भी तरह की चूक किए बिना इन आतंकियों को पकड़ने की कोशिश में हैं और उनकी फायरिंग खत्म होने का इंतजार भी कर रहे हैं।

## सावंत ने इम्पोर्टेड माल टिप्पणी पर माफी मांगी, किसी महिला का अपमान करने का इरादा नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच शिवसेना (यूबीटी गुट) नेता अरविंद सावंत ने शिवसेना उम्मीदवार शाइना एनसी के खिलाफ की गई इम्पोर्टेड माल टिप्पणी पर माफी मांग ली है। यूबीटी नेता सावंत ने कहा कि उनकी मंशा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। शाइना ने टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए सावंत ने कहा, मेरा किसी महिला का अपमान करने का इरादा नहीं था। मेरे बयान को जानबूझकर गलत अर्थ निकाला गया है। मुझे इसका दुख है, और अगर मेरे बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तब मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान किसी पार्टी से ऊपर है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सावंत ने शाइना के बारे में कहा कि वह इम्पोर्टेड माल हैं, जो शिवसेना के मूल विचारों से मेल नहीं खातीं। सावंत के बयान के बाद विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच राजनीतिक हलकों में बवाल मच गया और बीजेपी सहित शिवसेना के शिंदे गुट के नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की।

# आतंकवादियों को मारना नहीं चाहिए... फारूक अब्दुल्ला के बयान पर बवाल, बीजेपी ने उठाए सवाल, शरद पवार ने किया बचाव



श्रीनगर (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों की जांच होनी चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि क्या सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को पकड़ा जाना चाहिए, मारा नहीं जाना चाहिए और हमलों के पीछे कौन है, इसकी तह तक जाने के लिए उनसे पूछताछ की जानी चाहिए। अब्दुल्ला की टिप्पणी इस सवाल के जवाब में थी कि क्या हाल ही में बडगाम आतंकी हमले सहित जम्मू-कश्मीर में हर आतंकवादी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया जाना चाहिए।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इस बारे में कोई सवाल ही नहीं है। मैं कहूंगा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्हें (आतंकवादियों को) मारा नहीं जाना चाहिए, उन्हें पकड़ा जाना चाहिए और पूछा जाना चाहिए कि उनके पीछे कौन है। हमें जांच करनी चाहिए कि क्या कोई एजेंसी है जो उमर अब्दुल्ला को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल ही में संपन्न जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में निर्णायक जीत हासिल की थी। पार्टी ने 90 में से 42 सीटें जीतीं, सहयोगी कांग्रेस की झोली में छह सीटें आईं और उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

फारूक अब्दुल्ला ने सवाल किया कि क्या आतंकवादी हमलों में वृद्धि ÷जम्मू-कश्मीर सरकार को अस्थिर करने÷ के लिए है। फारूक अब्दुल्ला के इस बयान पर भाजपा हमलावर हो गई है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर कुछ लोग देश को प्राथमिकता देने की बजाय राजनीति, परिवार और वोट बैंक को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए या आतंकवाद के प्रायोजकों को बचाने के लिए भारतीय सेना, भारतीय एजेंसियों पर आरोप लगाना फारूक अब्दुल्ला को शोभा नहीं देता।

जम्मू-कश्मीर बीजेपी अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों को हमारा पूरा समर्थन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला जानते हैं कि यह आतंकवाद पाकिस्तान से आ रहा है। यह एक सर्वविदित तथ्य है। इसमें जांच की क्या बात है? उन्हें मालूम है कि जम्मू-कश्मीर में जो आतंकी हमले हो रहे हैं, उसमें पाकिस्तान और आतंकी संगठनों का हाथ है। हम सभी को अपनी सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों का समर्थन करना चाहिए। हमें उन लोगों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा जो मानवता के दुश्मन हैं।'

इस बीच कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी एनसीपी ने फारूक अब्दुल्ला के बयान का बचाव किया। शरद पवार ने फारूक अब्दुल्ला को 'जम्मू-कश्मीर का सबसे बड़ा व्यक्तित्व' बताया और कहा, 'उन्होंने अपना जीवन जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा में बिताया। मुझे उनकी सत्यनिष्ठा और ईमानदारी पर कोई संदेह नहीं है। अगर ऐसा नेता कोई बयान दे रहा है, तो केंद्र सरकार, विशेषकर गृह मंत्रालय को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और यह पता लगाने का प्रयास करना चाहिए कि उस स्थिति को कैसे हल किया जा सकता है।' जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने भी दावा किया कि ÷खुफिया ग्रिड में कमी÷ थी जिसे संबोधित करने की जरूरत है।

## ड़ोसियों से बेहतर संबंध रखना चाहता है भारत : राजनाथ सिंह




कानपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव के बाद हाल ही में हुई कई आतंकी घटनाओं के सवाल पर कहा कि यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। सेना भी लगातार जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि इसे बढ़ी नहीं कह सकते, पहले की तुलना में आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। आगे यह भी पूरी तरह से समाप्त होंगी और जम्मू कश्मीर का विकास होगा। वहीं, भारत चीन सीमा पर दीपावली पर मिठाई बांटने और पेट्रोलिंग शुरू होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों से मैत्री संबंध बनाकर रखना चाहता है। चीन से डेढ़ वर्ष से बातचीत चल रही है। इस कड़ी में अब डेमचोक पर पेट्रोलिंग शुरू हुई है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार सुबह चकेरी श्यामनगर स्थित अपने आध्यत्मिक गुरु संतोष द्विवेदी के श्यामनगर स्थित आवास पर पहुंचे। यहां पर वह पूजापाठ में शामिल हुए। इसके बाद अपने गुरूजी हालचाल जानकर आशीर्वाद लिया। फिर बाहर आकर मीडिया से रूबरू हुए।

## ओवैसी ने की वक्फ व तिरुमाला बोर्ड के नियमों में समानता की मांग



**-वक्फ में गैर-मुस्लिमों को लेकर उठाया सवाल**

हैदराबाद (एजेंसी)। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड और तिरुमाला बोर्ड में समानता की मांग की है। ओवैसी ने वक्फ में गैर-मुस्लिमों को लेकर सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने कहा कि एक तरफ तो टीटीडी बोर्ड में एक भी गैर हिंदू नहीं रखने की बात चल रही है। दूसरी तरफ मोदी सरकार बिल में वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर हिंदुओं को रखने का प्रावधान ला रही है। टीटीडी हिंदू धर्म का बोर्ड है और वक्फ मुसलमान धर्म का बोर्ड है। दोनों के नियमों में समानता क्यों नहीं हो सकती है। एआईएमआईएम सांसद ने आगे कहा कि अगर टीटीडी के ट्रस्टीज मुसलमान नहीं हो सकते तो फिर वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम क्यों होने चाहिए? ओवैसी ने तिरुमाला बोर्ड से जुड़े विभिन्न नियमों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस ट्रस्ट के सदस्यों में कोई भी गैर हिंदू नहीं हैं। यह तो बात सिर्फ ट्रस्ट के सदस्यों की है। अब बोर्ड के अध्यक्ष कह रहे हैं कि वहां जो कोई भी काम करेगा वह हिंदू होना चाहिए। चेयरमैन हिंदू धर्म के लिहाज से यह बात कर रहे हैं। हमें इस बात पर कोई ऐतराज भी नहीं है। एआईएमआईएम सांसद ने आगे कहा कि हमें ऐतराज वक्फ बोर्ड को लेकर प्रस्तावित बिल पर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कह रही है कि सेंट्रल वक्फ कार्उंसिल में दो गैर मुस्लिम होने चाहिए। आखिर वक्फ बिल में इस तरह के प्रावधान क्यों ला रहे हैं? ओवैसी ने इसी तरह स्टेट वक्फ बोर्ड में सभी मुस्लिम सदस्य रखने की मांग है। वक्फ बोर्ड में नान मुस्लिमों को क्यों रखा जा रहा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए।

# बसपा की वजह से भाजपा और सपा की नींद उड़ी, ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे : मायावती




लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। मायावती ने प्रदेश में भाजपा और सपा के बीच गठबंधन का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल में दिये भाषणों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि हर मामले में इनकी (भाजपा व सपा) दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि 'बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।'

मायावती ने पत्रकारों से कहा, 'जबसे उप्र में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव घोषित हुए हैं तबसे भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इस बार सभी सीट पर बसपा भी अकेले यह चुनाव लड़ रही है।' मायावती ने कहा, ÷काफी समय से एक-दो उपचुनाव को छोड़कर बसपा अधिकांश उप चुनाव नहीं लड़ी है तबसे खासकर भाजपा और सपा तथा इनका गठबंधन इन उपचुनावों में आपस में मिल बांटकर चुनाव लड़ते रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन इस बार जब बसपा भी मैदान में डटी है तो इन दोनों के गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी है।'

बसपा प्रमुख ने दावा किया, 'जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के लोग 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों को प्रचारित करने में लग गये हैं। इनके हर मामले में दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।' उन्होंने बसपा के शासन में बेहतर कानून व्यवस्था व विकास का दावा करते हुए कहा, 'हालांकि प्रदेश में विकास व कानून व्यवस्था के मामले में भाजपा और पूर्व की सपा सरकार की तुलना में केवल बसपा का ही शासनकाल काफी बेहतरीन रहा है।' मायावती ने जनता को आगाह करते हुए कहा, 'ऐसे में हवा हवाई नारों व पोस्टरबाजी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। अब भाजपा के लोग अपनी कमियों की वजह से 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारा लगाकर वोट मांग रहे वहीं सपा के लोग यह नारा लगाकर यह वोट मांग रहे कि 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जबकि इनकी (नारों) आड़ में दोनों पार्टियां यहां के लोगों को गुमराह कर रही हैं।'

उन्होंने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि ये लोग कमियों से ध्यान बांटने के लिए नारेबाजी और पोस्टरबाजी कर रहे हैं। उप्र की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) में 13 नवंबर को मतदान और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। भाजपा नौ में आठ और उसकी सहयोगी रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) मीरापुर सीट पर चुनाव मैदान में है जबकि कांग्रेस के समर्थन से समाजवादी पार्टी ने सभी नौ सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं बसपा भी सभी नौ सीटों पर सीधे मुकाबले में है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: 100 साल से भी ऊपर हैं 47,392 मतदाता

**- बुजुर्ग और युवाओं में नजर आ रहा एक विशेष उत्साह**



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर आंकड़े सामने आए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा डेटा के मुताबिक महाराष्ट्र में कुल 9.7 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 100 साल या उससे ज्यादा उम्र के 47,392 मतदाता हैं। यह आंकड़ा न केवल चौकाने वाला है, बल्कि राज्य में लंबे समय से चली आ रही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी को भी दर्शाता है। सबसे बुजुर्ग मतदाता की आयु 109 साल है, जो चुनाव में मतदान करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 18-19 उम्र के युवा मतदाताओं की संख्या 22,22,704 है। कुल पंजीकृत मतदाताओं में 5,00,22,739 पुरुष, 4,69,96,279 महिलाएं और 6,101 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक 288 विधानसभा सीटों के लिए 7994 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं, जबकि 921 नामांकन पत्र अवैध करार दिए गए हैं। नामांकन की प्रक्रिया 22 से 29 अक्टूबर तक चली थी और नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 4 नवंबर है। चुनाव में मुख्य मुकाबला सत्ताधारी महायुति और विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के बीच है। महायुति में बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी (अजीत गुट) शामिल हैं, जबकि एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं। इन प्रमुख गठबंधनों के अलावा, छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में किस्तमत आजमा रहे हैं, जो चुनावी समीकरण को और दिलचस्प बना रहे हैं। महाराष्ट्र के मतदाता इस बार उत्साह के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, खासकर बुजुर्ग और युवा मतदाताओं की संख्या के चलते चुनाव में एक विशेष उत्साह नजर आ रहा है।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का खरगे पर निशाना: झूठ का इस्तेमाल कर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है कांग्रेस



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठे और फर्जी आंकड़ों का इस्तेमाल कर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। पुरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट में खरगे के दावों के जवाब में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार की समावेशी विकास नीतियां देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बना देंगी। इससे पहले खरगे ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था, 'झूठ, छल, जालसाजी, लूट और प्रचार ये पांच विशेषण हैं, जो आपकी सरकार का सबसे अच्छा वर्णन करते हैं!'

उन्होंने मोदी से 'प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों के वादे, मुद्रास्फीति, विमुद्रीकरण और दोषपूर्ण-जीएसटी, चुनावी बॉन्ड, सेबी प्रमुख के खिलाफ आरोप, एससी/एसटी के खिलाफ अपराध और वैश्विक भूख सूचकांक पर भारत की खराब रैंकिंग' को लेकर सवाल पूछे थे। इसके जवाब में पुरी ने कहा, 'ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी और खरगे उन परिवर्तनों से अनभिज्ञ हैं, जिन्होंने भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाया है।÷ पुरी ने कहा कि मोदी सरकार ने 24 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है।

इसमें 11 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण, 12 करोड़ नल जल कनेक्शन, 10 करोड़ से ज़्यादा मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य सेवा, 51 करोड़ बैंक खाते, पूंजीगत व्यय में तीन गुना वृद्धि और जीएसटी, स्टार्टअप इंडिया, आईबीसी और पीएलआई योजना जैसे नीतिगत सुधारों से मदद मिली है। उन्होंने कहा, ÷हमने यह सुनिश्चित किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें तब भी न बढ़ें, जब अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क में कीमतों में 40 से 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग-2 सरकार के समय 1.41 लाख करोड़ रुपये के तेल बॉन्ड जारी करने की उनकी मूर्खता के कारण देश को बदले में 3.2 लाख करोड़ रुपये वापस करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।÷ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत यह दिखा रहा है कि वह 2047 तक अपने विकास लक्ष्यों को हासिल कर लेगा।

# देश में मौसम के दो रंग : दिल्ली-एनसीआर में गुलाबी ठंड का अहसास

**-तमिलनाडु के 19 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट**

नई दिल्ली (एजेंसी)। इन दिनों देश में मौसम में दो रंग दिख रहे हैं। दिवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर में जहां हल्की ठंडक के साथ दिन में धूप तेज रहती है। वहीं तमिलनाडु के 19 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस हफ्ते उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में ठंड बढ़ने की संभावना है और मैदानी इलाकों में तेज धूप रहेगी। दिवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर के मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आने लगा है। सुबह और शाम में हल्की ठंडक महसूस हो रही है। रविवार और सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 स 18 डिग्री तक रह सकता है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय धुंध रह सकती है। इसके बाद तापमान में गिरावट का सिलसिला धीरे-धीरे और बढ़ेगा। 5 से 7 नवंबर के बीच अधिकतम तापमान कम होकर 32 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री पर सिमट सकता है। सुबह के समय धुंध रह सकती है। आसमान साफ रहेगा। 7 नवंबर तक बारिश की संभावना नहीं है। दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में भी सुबह और शाम हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। हालांकि अन्य सालों की तुलना में इस बार नवंबर महीने में ज्यादा ठंड पड़ने के आसार नहीं है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में इस हफ्ते से ठंड का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु के 19 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों में भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती प्रणाली और समुद्र के ऊपर ऊपरी हवा के परिसंचरण के कारण इन जिलों में भारी बारिश होने की उम्मीद है। प्रभावित जिलों में कोयंबटूर, तिरुपुर, नीलगिरी, मदुरै, इरोड, विरुधुनगर, थेनी, डिंडीगुल, तेनकासी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, कृष्णागिरी, रामनाथपुरम, धर्मपुरी, सलेम, नमक्कल, करूर, थूथुकुडी और शिवगंगा शामिल हैं। पूर्वानुमान के अनुसार, तटीय तमिलनाडु में सामान्य से कम बारिश हो सकती है, लेकिन 7 नवंबर तक राज्य के अन्य भागों में औसत से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। 8 से 14 नवंबर तक तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में सामान्य से लेकर सामान्य से थोड़ी ज्यादा बारिश की आशंका है।

### पहाड़ी इलाकों में बढ़ेगी ठंड

उत्तराखंड में नवंबर का आगाज सूखे मौसम के साथ हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी इलाकों में ठंडी हवाओं के कारण ठंड बढ़ेगी, जबकि मैदानी इलाकों में तेज धूप देखने को मिलेगी। पूरे राज्य में तापमान में गिरावट की उम्मीद है। मौसम विभाग का कहना है कि नवंबर महीने का पहला सप्ताह शुष्क मौसम से जूझने वाला है। यह सूखा मौसम 5 नवंबर तक बना रहेगा। उत्तराखंड के सभी जिलों में इस दौरान मौसम साफ रहेगा।



# रश्मिका ने अकेले मनाई दिवाली



'पुष्पा' एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का नाम एक्टर विजय देवरकोंडा के साथ अक्सर जोड़ा गया है। यहां तक कि एक्ट्रेस ने 'एनिमल' के प्रमोशन के दौरान हिंट भी दिया था और रणबीर कपूर से लेकर संदीप रेड्डी वांगा ने भी एक तरह से इनके रिश्ते को लेकर हामी भरी थी। अब दोनों के दिवाली सेलिब्रेशन की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसने सबका ध्यान खींचा है। लोग दोनो की फोटोज में समानता तलाश रहे हैं।

रश्मिका ने स्लिट कुर्ते में अपने दिलावी फोटोशूट की झलक शेयर कर सबको शुभकामनाएं दी हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'दिवाली फोटोशूट हो गया! हैप्पी दिवाली माय लवलीज!' वहीं, विजय देवरकोंडा ने हैदराबाद स्थित अपने घर में अपने परिवार के साथ त्योहार मनाया। तस्वीरों में विजय पारंपरिक हरे रंग के कुर्ते और टोपी में त्योहार मनाते, अपने घर के बाहर पटाखे जलाते और अपने परिवार के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अब इन फोटोज को देख लोग कमेंट में लिख रहे हैं कि एक्ट्रेस, विजय के घर पर हैं और उन्होंने उनकी तस्वीर क्लिक की है। रश्मिका और विजय ने पिछले कुछ सालों में डेटिंग की अफवाहों को हवा दी है, फैंस 'गीता गोविंदम' के दिनों से ही उनके करीबी रिश्ते के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। और अटकलें तेज हो गईं जब फैंस ने देखा कि रश्मिका और विजय दोनों मालदीव में छुट्टियां मना रहे हैं, हालांकि उन्होंने अलग-अलग तस्वीरें पोस्ट की। साथ ही मुंबई एयरपोर्ट पर भी इनको अलग-अलग गेट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। जिसे देख हर कोई हैरान था।

# आलिया भट्ट को लेकर वरुण बोले

## वह आखिरी होगी जिनसे कभी रिलेशनशिप की सलाह लूं




वरुण धवन और आलिया भट्ट के रिश्ते ऑन स्क्रीन जितने अच्छे हैं, पर्सनल लाइफ में उससे भी ज्यादा अच्छे हैं। दोनों एक साथ कई मूवीज में दिखाई दे चुके हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी एक्टर ने दावा किया है कि आलिया भट्ट आखिरी व्यक्ति होंगी, जिनके पास वे रिलेशनशिप को लेकर सलाह लेने जाएंगे। उन्होंने बताया कि दोनों के रिश्ते काफ़ी अच्छे हैं, लेकिन इसमें पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा नहीं होती है। फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू में वरुण धवन



से सवाल किया गया था कि क्या वे रिलेशनशिप को लेकर आलिया से सलाह मांगते हैं? इसपर एक्टर ने हंसते हुए कहा कि इस तरह की मदद के लिए एक्ट्रेस आखिरी होंगी जिनके पास वो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं उससे सलाह नहीं लूंगा, वह आखिरी व्यक्ति होगी, जिससे रिलेशनशिप पर सलाह लूंगा। हमारी दोस्ती के बारे में अच्छी बात यह है कि इस तरह की चर्चाएं नहीं करते हैं।' एक्टर ने स्वीकार किया है कि आलिया भट्ट उनके करैक्टर को शेप करने में मदद करती हैं। आलिया का सपोर्ट काफी जरूरी होता है। वरुण और आलिया की जोड़ी ऑन स्क्रीन काफ़ी पसंद की जाती रही है। बता दें की आलिया और वरुण पहली बार साल 2012 में करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर मूवी में दिखायी दिए थे। यह फिल्म बड़े पर्दे पर काफी हिट रही थी। इसके बाद, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, बद्रीनाथ, कलंक जैसी मूवी में भी साथ दिखायी दे चुके हैं।

# सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे की धमाकेदार एंट्री



अजय देवगन की मल्टीस्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' सिर्फ इस उम्मीद में देखने पहुंचे कि इसमें उन्हें सलमान खान का एक्शन देखने को मिलेगा। इस दिवाली बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की इस फिल्म में आपको सलमान खान की झलक मिलेगी भी, लेकिन जैसे और जिस अंदाज में मेकर्स भाईजान को कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बनाने जा रहे हैं, उससे फैंस कितने इंप्रेस दिखे? चलिए जानते हैं सलमान खान के 'सिंघम अगेन' में कैमियो पर पब्लिक का रिएक्शन।

सलमान खान के एक फैन ने 'सिंघम अगेन' से सलमान खान की एक छोटी सी क्लिप शेयर करते हुए लिखा- चुलबुल पांडे लौट आए हैं। दिवाली का सबसे बड़ा धमाका।
वहीं एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सिंघम अगेन में मेगास्टार सलमान खान भी हैं। आप बस उनकी एक झलक पर पब्लिक का रिएक्शन देखिए। देश का सबसे बड़ा सुपरस्टार।₹ बता दें कि फिल्म 'दबंग' और इस सीरीज की फिल्मों का हिस्सा रहे सलमान खान को रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में लाया जाना फैंस के लिए सुपर एक्साइटिंग रहा। 'सिंघम अगेन' में सलमान खान की एंट्री वाला सीन स्पेशल बनाने की मेकर्स ने भरसक कोशिश की है। एक यूजर ने उस क्लिप पर अपना रिएक्शन देते हुए कहा, ₹सलमान खान की सिंघम अगेन में एंट्री कितनी दमदार है। यह होती है पावर एक मेगास्टार की। जहां एक तरफ लोग काफी इंप्रेस दिखे वहीं कई फैंस सलमान खान की 'सिंघम अगेन' में एंट्री से मायूस नजर आए। एक यूजर ने लिखा- चुलबुल पांडे की मूछें कहां हैं जो उनकी पहचान बन चुकी हैं? एक यूजर ने लिखा- उसका लुक बदलकर सब खराब कर दिया।

# श्रद्धा कपूर ने 'पार्टी ड्रेस' को लेकर खोला राज



बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आज के समय में स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें स्नीकर्स पहनना पसंद है। उन्होंने बताया कि वह अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में जूते पहनना बहुत पसंद करती हैं।जब अभिनेत्री से पूछा गया कि उन्हें क्या ज्यादा पसंद है – स्टिलेटो या स्नीकर्स, तो श्रद्धा ने बताया "अगर आप किसी पार्टी में जा रहे हैं तो आप स्टिलेटो पहन लेते हैं। लेकिन आप किसी पार्टी में जा रहे हैं और आपको खूब डांस करना है, तो आप स्नीकर्स पहन सकते हैं, मैं यही करती हूं।" "स्त्री 2" अभिनेत्री ने कहा "मुझे रोजाना स्नीकर्स पहनना पसंद है। श्रद्धा स्पोर्ट्स वियर लेबल एसिक्स की ब्रांड एंबेसडर हैं। अभिनेत्री ने देश में फिटनेस संस्कृति के बढ़ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसे बढ़ावा दिए जाने के बारे में कहा, "आप जानते हैं, मुझे लगता है कि हम सभी को फिटनेस को बढ़ावा देना चाहिए और इसे अपने परिवार-दोस्तों के बीच भी फैलाना चाहिए।" ब्रांड के एक नए स्टोर के शुभारंभ के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचीं अभिनेत्री ने कहा "मैं ब्रांड एंबेसडर बनने से पहले से ही एसिक्स पहनती रही हूं और मुझे लगता है कि जब आप वास्तव में स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ शरीर पर ध्यान देते हैं, तो यह स्पेशल हो जाता है।उन्होंने कहा "मुझे नहीं लगता कि कोई भी स्पोर्ट्स शूज को इस तरह से पहन सकता है। मैं ऐसे कई लोगों को जानती हूं, जो मेरे परिवार और मेरे दोस्तों के सर्कल में भी हैं, जो एसिक्स के दीवाने हैं और मैं उनमें से एक हूं।"इस बीच अभिनेत्री के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने 2010 में 'तीन पत्ती' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। उनकी पहली हिट आशिकी-2 थी। कई उतार-चढ़ाव के बाद अभिनेत्री ने सफल फिल्में देने का क्रम जारी रखा। उन्होंने दर्शकों को निराश नहीं किया और 'स्त्री', 'स्त्री-2' और 'तू झूठी मैं मक्का' जैसी हिट फिल्में दी हैं।



'भूल भुलैया 3' में छोटा पंडित का रोल निभाने वाले राजपाल यादव इन दिनों फिल्म के साथ-साथ किसी और वजह से भी सुर्खियों में बने हुए हैं। एक तरफ जहां आज 'भूल भुलैया 3' देशभर में रिलीज हुई है। वहीं, दूसरी तरफ राजपाल यादव कैमरे के सामने सभी से हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। दिवाली की रात राजपाल ने हाथ जोड़ सभी से माफी मांगी है। उनका वीडियो इस वक्त सुर्खियों में बना हुआ है।

# राजपाल ने हाथ जोड़कर मांगी माफी?

राजपाल यादव ने दिवाली पर लेट नाइट एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपने फैंस से हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। इस वीडियो में राजपाल कह रहे हैं- 'नमस्कार साथियों दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं। अभी दो दिन पहले ही मेरे सोशल मीडिया से एक वीडियो डाला गया था, जिसे मैंने तुरंत ही हटवा दिया था। इस वीडियो से देश दुनिया में जिस किसी भी भावना आहत हुई है। तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। अच्छे से रहें, स्वस्थ रहें।' इसके साथ ही एक्टर ने कैप्शन में लिखा, 'मैं दिल से माफी मांगता हूं।मेरा मकसद दिवाली की खुशियों को कम करना नहीं थादिवाली हमारे लिए खुशियों और रोशनी का पर्व है, और इसे सबके लिए खूबसूरत बनाना ही हमारा असली त्योहार है। आप सबको ढेर सारी शुभकामनाएं और प्यार, चलिए मिलकर इस दिवाली को खास बनाते हैं।'दरअसल, राजपाल यादव ने दिवाली से ठीक पहले एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में उन्होंने बिना कुछ बोले ही कुछ ऐसा कह दिया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने उनकी जमकर क्लास लगाई थी। उन्होंने अपने वीडियो में दिवाली पर पटाखे जलाने का से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'जानवर बहुत डरते हैं। एयर पॉल्यूशन होता है। आस-पास नॉइस होती है। इन सबके बगैर भी दीपावली मना सकते हैं। इसलिए प्लीज प्लीज नो।'

# नोरा फतेही को नहीं मिली कोई फीस



नोरा फतेही बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक बेहतरीन कलाकार के तौर पर जानी जाती हैं. उन्हें असल पहचान साल 2018 में आए गाने 'दिलबर-दिलबर' से मिली, ये गाना काफी सुपरहिट रहा है. हालांकि, इस गाने के लिए नोरा फतेही को एक भी पैसे नहीं मिले, इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है. सिर्फ ये गाना ही नहीं बल्कि श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर 'स्त्री' के बाने 'कमरिया' के लिए भी उन्होंने फ्री में ही किया. नोरा फतेही को उनकी शानदार डांसिंग के लिए जाना जाता है.

फिलहाल वो इंडस्ट्री में काफी जाना माना नाम हैं, लेकिन उन्होंने अपनी दो बेहतरीन गाने फ्री में किए हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में राजीव मसंद के साथ बातचीत की, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि जिस वक्त उन्होंने 'दिलबर'और 'कमरिया' गाने पर परफॉर्म किया था उस वक्त उन्हें इसके लिए कोई भी पैसे नहीं दिए गए थे, लेकिन उन्होंने ये इसलिए किया क्योंकि उन्हें खुद को साबित करना था. 'दिलबर'और 'कमरिया' दोनों ही गानों को दर्शकों ने खूब पसंद किया है, जॉन अब्राहम के फिल्म 'सत्यमेव जयते' के 'दिलबर' गाने को यूट्यूब पर एक बिलियन से भी ज्यादा बार देखा गया है. इस पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें पैसे की सख्त जरूरत थी, लेकिन उस वक्त पैसे कमाने के लिए काम नहीं किया. नोरा ने बताया कि 'दिलबर' गाने को लिए उन्होंने सभी डांसर्स को एक हफ्ते तक खुद ट्रेनिंग दी ताकि स्टेप्स को मिलाया जा सके. एक्ट्रेस ने इन गानों में खुद से ही काफी बदलाव किए, नोरा ने फिल्ममेकर्स से बात करते हुए कहा कि इस गाने को डांस ओरिएंटेड गाना बनाया जा सकता है जैसे लोग अपनी फैमिली के साथ बैठकर एंजॉय कर पाए. वो दोनों ही गानों के लिए अपनी डांस की सीमाओं को काफी बढ़ाना चाहती थी.

# आरती सिंह ने ससुराल में मनाई अपनी पहली दिवाली



31 अक्टूबर के पूरे देश ने बड़े ही दिवाली का जश्न देखते ही बना। आज हो या खास भी ने इस त्योहार को मनाने में धूमधाम से मनाया। इसकी धूम स्टार्स में भी खूब देखने को मिली। दीपों का ये त्योहार उनके लिए और भी खास रहा, जिनकी शादी के बाद ये पहली दिवाली रही। ऐसे में गोविंदा की भांजी और एक्ट्रेस आरती सिंह की भी ये शादी के बाद पहली दिवाली थी, जिसे उन्होंने अपने ससुराल में सबके साथ मनाया। आरती ने पति दीपक संग ससुराल में पहली दिवाली सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद खुश नजर आ रही हैं। कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह ने इसी साल अप्रैल 2024 में बिजनेसमैन दीपक चौहान से शादी की थी।

शादी के बाद आरती सभी त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मना हैं। ऐसे में आरती ने दीपक संग भी अपनी पहली दिवाली को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आरती ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो खूबसूरत रंगोली के पास दीपक जलाती नजर आ रही हैं। वहीं, इसके आलावा एक्ट्रसे ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं। पहली तस्वीर में आरती अपने हाथ में दीपक लेकर पोज देती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर आरती की खूबसूरती देखते ही बन रही है। तीसरी में पति दीपक चौहान संग एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं।

# शत्रुघ्न की लेट-लतीफी की आदत से परेशान थे अमिताभ



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और शॉटगन शत्रुघ्न सिन्हा ने कई फिल्मों में साथ काम किया है. दोनों में बेहद अच्छी दोस्ती भी रही है. लेकिन दोनों के वर्क एथिक्स में जमीन आसमान का फर्क रहा है. अमिताभ जहां अपनी पंक्चुएलिटी के लिए जाने जाते हैं, वहीं शत्रुघ्न अक्सर सेट पर लेट आया करते थे. इसका एक किस्सा अमिताभ ने खुद एक बुक लॉन्च इवेंट में शेयर किया था. अमिताभ ने कहा था कि ₹कुछ आदतें हमेशा के लिए होती हैं, हमें उन्हें छोड़ देना चाहिए. शत्रुघ्न सिन्हा हमेशा से ऐसे ही रहे हैं. ताज होटल के पास उनका एक अपार्टमेंट था, हम अक्सर वहां घूमते थे. उस समय, मेरे पास ज्यादा काम नहीं था, लेकिन वो एक स्टार थे, और उन्हें जहां भी जाना होता था, फैशन के हिसाब से देर से आने की आदत थी. बिग बी ने एक इंसीडेंट याद करते हुए कहा- हम अक्सर उनसे कहते थे, चलो मूवी देखने चलते हैं. वो कभी किसी प्लान को मना नहीं करते थे, लेकिन हमेशा देर से आते थे. मान लीजिए शो शाम 6 बजे का है, तो वे शाम 6:30 बजे भी घर से नहीं निकलते थे.₹ उन्होंने आगे कहा, ₹भले ही उन्हें फ्लाइट पकड़नी हो, वो देर से आते थे. एयरपोर्ट पर हर कोई उनके पीछे दौड़ता था, 'सर, आपकी फ्लाइट उड़ान भरने वाली है', और वो कहते थे, 'हां, हां, मैं आ रहा हूं'. वो बिल्कुल भी नहीं बदले हैं.

# लंदन में प्रियंका ने पति निक संग मनाई दिवाली



बॉलीवुड के साथ ही साथ प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना ली है. उन्होंने सिंगर निक जोनस से शादी भी रचाई. हालांकि, वो लंबे समय से भारत से बाहर रह रही हैं, लेकिन फिर भी वो यहां की संस्कृति और त्योहारों को पूरी तरह से सेलिब्रेट रहती हैं. हाल ही में वो लंदन में अपनी फैमिली और फ्रेंड के साथ दिवाली मनाते हुए भी नजर आई. इस दौरान वो लाल रंग की साड़ी में और निक कुर्ते में दिखे. इस त्योहार के मौके पर एक्ट्रेस ने प्राइवेट दिवाली डिनर ऑर्गेनाइज किया.

प्रियंका और निक ने अपने दिवाली के डिनर की कोई भी फोटो पोस्ट नहीं की है, लेकिन जब दोनों स्टार पार्टी से निकल रहे थे तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें कैप्चर की. प्रियंका की एक फ्रेंड रेबेका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में डिनर पार्टी से मिले रिटर्न गिफ्ट की तस्वीर लगाते हुए प्रियंका को थैंक यू कहा है, उन्होंने लिखा इस खूबसूरत से डिनर के लिए और अपने ट्रेडिशन को हमारे साथ शेयर करने के लिए थैंक यू. दोनों ही कपल इंडियन लुक में बेहद अच्छे लग



रहे थे. उनकी ये तस्वीर उनके एक फैन अकाउंट से शेयर की गई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, एनीबडी बट यू के स्टार ग्लेन पॉवेल भी इस डिनर पार्टी में शामिल थे. इस हफ्ते की शुरुआत में प्रियंका ने विदेश में रहते हुए धनतेरस का त्योहार मनाया, इस मौके पर वो अपनी बेटी मालती और अपने पति के साथ मौजूद थीं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की. प्रियंका हाल ही में अपनी फिल्म 'पानी' के लिए भारत आई थीं, जिसे नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला. फिलहाल प्रियंका इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट और द ब्लफ' के लिए काम कर रही हैं.




सुगी परिवार' ने गुरुवार, 31 अक्टूबर को सुबह 6 बजे एक विशेष 'दिवाली पहाट' का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक राहुल देशपांडे ने,भक्ति और नई जीवन शक्ति की मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन प्रस्तुत की। प्रियंका बर्वे ने भी प्रस्तुति दी, जबकि संकर्षण करहाडे ने कार्यक्रम की मेजबानी की। यह कार्यक्रम दादर में छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क में समुद्र के किनारे हुआ, जिसे दादर, शिवाजी पार्क,माहिम और मुंबई के अन्य हिस्सों के संगीत प्रेमियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। आशीष शेलार, शर्मिला और अमित ठाकरे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न क्षेत्रों के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम के उत्साह को बढ़ाया।

# नोएडा में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर विशाल भंडारा का आयोजन





**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर-122 के कम्युनिटी सेंटर में गाय के गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा की गई और सेक्टर में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत, भंडार घर आदि की प्रतिमा बनाकर फल, फूल, धूप आदि से विधि विधिवत पूजन किया गया। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली में उठाकर इंद्रदेव के प्रकोप से बचाया।

इस अबसर पर श्रीमती रामेश्वरी देवी, श्रीमती मोनिका बंसल, श्रीमती सुभांगी जैन, श्रीमती अनिशा अग्रवाल, वीरपाल यादव, एस एस नेहरा, ब्रह्मदत्त शर्मा, अमित स्वामी, बलराम बंसल, आकाश अग्रवाल, पिंटू यादव, सुरेश यादव, वेद यादव एवं डॉ उमेश शर्मा उपस्थित थे।

वहीं सैक्टर 20 में गोवर्धन पर्व के पावन अवसर पर श्री हनुमान मंदिर में पूजन किया गया एवं प्रसाद भी वितरित किया गया। लगभग हजार भक्तों से ज़्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समित की अध्यक्ष मती विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष मती सुशीला शर्मा, विजय वालेचा मंदिर समिति के महासचिव एवम मीडिया प्रभारी संदीप पोरवाल, सहसचिव शशीकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष गंगाराम, सहकोषाध्यक्ष श्रीमती नीरू रस्तोगी, सदस्य श्रीमती वीना वधावन, पिंकी सोनी, गीता अग्रवाल, प्रवीन झा, संजीव गुप्ता, प्रेमशंकर चौधरी, सुनील गिरी, मती नीलम वर्मा आदि उपस्थिति रहे।




वहीं गोवर्धन पूजा के उपलक्ष पर राघव अग्रवाल अपने घर पर छप्पन भोग का आयोजित किया राघव अग्रवाल एक बिल्डर और उनकी धर्मपत्नी इंटीरियर डिजाइनर है इस वर्ष उन्होंने 56 भोग के लिए आरडब्ल्यूए-11 अध्यक्ष अनुज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल व अन्य लोगों को आमंत्रण दिया था।

वहीं श्रीजी गौसदन सेक्टर-94 में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। श्रीमती राधा शर्मा के द्वारा सुंदर भजनों का गायन हुआ। गौशाला में उपस्थित सभी गौ भक्तों ने गोवर्धन पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसके पश्चात प्रसाद-भंडारे का वितरण किया गया। इस आयोजन में शहर के सभी गणमान्य और श्रीजी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।

## अरावली अपार्टमेंट में हुआ गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 नोएडा में गोवर्धन अन्नकूट महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आर डब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि निवासियों विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों द्वारा गाय के गोबर एवं रंगोली से भव्य गोर्वधन बनाये गये। दूध के अभिषेक के साथ विधि विधान द्वारा गोवर्धन पूजन सम्पन्न किया गया। साथ में विकास शर्मा एंड पार्टी द्वारा आयोजित भजनों का भी निवासियों ने जमकर आनंद लिया, सभी श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात लोगों ने अन्नकूट भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र शर्मा, कृपाशंकर, प्रदीप सिंह, केके गुप्ता अजय श्रीवास्तव, शिल्पा रजोतिया, पदमा नायडू, शशि श्रीवास्तव सविता केदार, सुरेंद्र यादव, सुरेश बने, गगन शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## श्री सिद्ध पीठ शनि मन्दिर में मनाया गया गौवर्धन पर्व

**नोएडा( चेतना मंच )।** सिद्ध पीठ शनि मंदिर नोएडा परिसर में स्थित भव्य गौशाला में गौवर्धन पूजा का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नौएडा शहर के काफी ज्यादा संख्या में भक्त गण मोजूद रहे। आचार्य पी सी भट्ट जी ने बेहतरीन तरीके से गौवर्धन पूजा अर्चना कराकर लोगों को गौवंश पूजा के विषय में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। शनि सेवा समिति के अध्यक्ष ने ठा मानसिंह चौहान एवं राजीव कुमार मिश्रा मंत्री ने बताया कि छप्पन भोग अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें काफी बड़ी संख्या में भक्तों ने अन्नकूट प्रसाद भण्डारे का आनंद लिया अन्नकूट प्रसाद की व्यवस्था गिरीश बत्रा के परिवार की तरफ से की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एससी गुप्ता, अजित सिंह नागर, दीपक गुप्ता, प्रमोद त्यागी, उदय मिश्रा, संतोष पचौरी एसपीएस यादव, अनिल सिंह, राकेश सिंह, दयाशंकर तिवारी, एसके ठक्कर, भूपेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा आदि बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी नेताओं ने डीएनडी पर किया सचिन पायलट का स्वागत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट का भव्य स्वागत नोएडा महानगर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर द्वारा डीएनडी फ्लाईओवर पर किया गया। सचिन पायलट हर वर्ष की भांति अपने पैतृक गांव वैदपुरा गोवर्धन पूजा में शामिल होने के लिए नोएडा पहुंचे थे। इस अवसर पर राम कुमार तंवर ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ सचिन पायलट का फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। राम कुमार तंवर ने सचिन पायलट को पूरे क्षेत्र की तरफ से दीपावली की गोवर्धन की भैया दूज की बधाई दी।

इस अवसर पर सचिन पायलट ने भी समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की गोवर्धन पूजा व भाई दोज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौतमबुधनगर सचिन पायलट का पैतृक जनपद होने के नाते उनका अपने गृह जनपद से विशेष लगाव रहता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है वह समय-समय पर अपने गृह जनपद में अपने क्षेत्र के वासियों से मिलने के लिए उनके बीच में पहुंचते रहते हैं। गौतमबुध नगर के निवासियों का भी सचिन पायलट से विशेष लगाव है। वह इस क्षेत्र के ही नहीं समस्त देश के सर्वमान्य नेता है।

सचिन पायलट ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर सबको साथ लेकर भाईचारे का संदेश देकर इस पावन पर्व को मनाना चाहिए हमें जाति धर्म कुछ नहीं से उठकर सबको साथ लेकर चलने की आवश्यकता है तभी देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। आज की मौजूदा सरकार ने आपसी भाईचारे में जहर घोलने का काम किया है जिसके कारण देश में तनाव एवं अराजकता का माहौल फैला हुआ है अब जनता भाजपा की ऐसी जन विरोधी नीतियों को समझ चुकी है आने वाले समय में जनता इनको मुंहतोड़ जवाब देने वाली है। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है कांग्रेस पार्टी कैसी पार्टी है जो देश को एकजुट करके सबके साथ विकास और उन्नति की बात सो सकती है।

स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से नोएडा महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तवर के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बबली नागर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य देवेंद्र भाटी, रिज़वान चौधरी, हरेन्द्र शर्मा, जितेंद्र चौधरी, रामकुमार शर्मा,जगमाल मावी, गीता सिंह, तज़िंदर नागर, यसराम तंवर, ऊधम नागर, सूखवीर धामा, जितेन्द्र अवाना, जोगेंद्र अवाना, आदि कार्यकर्ता मोजूद थे।

# दीपावली पर घर आए यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में दीपावली पर अपने घर आए उत्तर प्रदेश पुलिस के एक इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक की वजह से मौत हो गई। इंस्पेक्टर की मौत से पुलिस महकमे में शोक व्याप्त है। यह जानकारी थाना प्रभारी ने दी।

थाना बिसरख प्रभारी ने बताया कि एटा जनपद में एस पी के पीआरओ के पद पर कार्यरत इंस्पेक्टर योगेश सिरोही दीपावली पर छुट्टी लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में अपने घर आए थे। शुक्रवार को अचानक उनके सीने में दर्द और घबराहट हुई। इसके बाद परिजन उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। हार्ट अटैक की वजह से उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।

जांच के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक हृदय गति रुकने के कारण इंस्पेक्टर योगेश सिरोही की मौत हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हार्ट अटैक की वजह से इंस्पेक्टर योगेश सिरोही की मौत हुई है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। इंस्पेक्टर योगेश सिरोही की मौत से पुलिस महकमे में शोक व्याप्त है।




# जेवर एयरपोर्ट से सिंगापुर, ज्यूरिख और दुबई के लिए उड़ेगी फ्लाइट

अरविंद प्रसाद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) से पहले दिन 3 देशों के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट उड़ेगी। इसके लिए सिंगापुर एयरलाइंस और लुफ्थांसा एयरलाइंस के साथ समझौता हो गया है। जेवर एयरपोर्ट से अगले वर्ष-2025 से उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर के पास जेवर में एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के कारण जेवर एयरपोर्ट का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से यात्री उड़ानों का संचालन 17 अप्रैल-2025 से शुरू किया जाना है। पहले चरण के लिए जेवर एयरपोर्ट पर एक रन-वे का निर्माण पूरा हो चुका है। जेवर एयरपोर्ट पर कुल 6 रनवे बनाये जाने हैं। जेवर में 1,334 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण में एक रनवे और टर्मिनल होगा, जो सालाना 12 मिलियन यात्रियों को संभालने, 1 लाख उड़ानों को समायोजित करने और 2.5 लाख टन माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किया गया है। अब जेवर एयरपोर्ट से इंटरनेशनल उड़ानों के संचालन से जुड़ी बड़ी खबर भी सामने आ रही है।




## तीन देशों के लिए उड़ेगी फ्लाइट

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर के पास जेवर में निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट के संचालन से जुड़ी खबर आई है। जेवर एयरपोर्ट से 17 अप्रैल 2025 को सिंगापुर, ज्यूरिख और दुंबई के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित की जाएंगी। नोएडा एयरपोर्ट कंपनी ने इन इंटरनेशनल उड़ानों के संचालन के लिए सिंगापुर एयरलाइंस और लुफ्थांसा एयरलाइंस के साथ समझौता कर लिया है। इसके लिए इंटरनेशनल एयरपोर्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की मंजूरी भी मिल गई है। आईएटीए वायुसेवा उद्योग को बढ़ावा देने वाला संगठन है। इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है और यह संघ 280 वायुसेवाओं का प्रतिनिधित्व करता है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को संचालित करने के लिए इसकी भी अनुमति जरूरी होती है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पहले टवीटर) पर जेवर एयरपोर्ट से सिंगापुर, ज्यूरिख और दुबई के लिए 17 अप्रैल 2025 को उड़ानें शुरू होने की जानकारी साझा करते हुए जेवर एयरपोर्ट से उड़ाने भरने वाले यात्रियों को खुशखबरी दी है।